देश का Darpan News TV
FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

भारत ने आकाश एयर डिफेंस सिस्टम का परीक्षण करके दिखाई ताकत

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्किये ड्रोनों के हवाई हमलों को किया था बेअसर

नई दिल्ली/एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्किये के ड्रोनों के हवाई हमलों को बेअसर करने वाले स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम का बुधवार को भारतीय सेना ने लद्दाख सेक्टर में 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर परीक्षण किया। भारतीय वायु सेना ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दुश्मनों के विमानों को चंद मिनटों में मार गिराने में सक्षम मिसाइलें दागीं। परीक्षण के वक्त इस बात का ध्यान रखा गया कि किसी भी सूरत में अगर दुश्मन के विमान भारतीय वायु सीमा का उल्लंघन करें, तो उन्हें हर परिस्थिति में मार गिराया जाए। डीआरडीओ निर्मित यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों का 30 किलोमीटर पहले ही पता लगाकर उसे नीचे ला सकती है। आकाश मीडियम रेंज की हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसे डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन, भारत डायनामिक्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने तैयार किया है। चीन के साथ तनाव की शुरूआत के समय से ही पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत ने स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर रखा है। भारत की स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली 4.5 किमी से 25 किमी की दूरी तय करती है। ये 100 मीटर से 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक

हवाई खतरों से निपट सकती है। यह एक कमांड गाइडेंस सिस्टम का उपयोग करता है। यह सिस्टम हेलीकॉप्टरों, लड़ाकू विमानों और मानव रहित हवाई वाहनों को निशाना बना सकता है। डीआरडीओ के मुताबिक इसमें लड़ाकू जेट विमानों, क्रूज मिसाइलों और हवा से सतह वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है। यह भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के साथ परिचालन सेवा में है।आर्मी एयर डिफेंस ने आज डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर लद्दाख सेक्टर में 15 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर परीक्षण किया। इस दौरान सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ने अत्यंत ऊंचाई वाले क्षेत्र में अत्यंत तेज गति से चलने वाले लक्ष्य विमानों पर दो सीधे प्रहार किए। लांच प्लेटफार्म को दोनों पहियों और ट्रैक वाहनों के साथ एकीकृत किया गया है जबकि आकाश सिस्टम को मुख्य रूप से एक हवाई रक्षा (सतह से हवा) के रूप में बनाया गया है। इसे मिसाइल रक्षा भूमिका में भी टेस्ट किया गया है। आकाश प्राइम प्रणाली भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट का गठन करेगी। इस प्रणाली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्की ड्रोनों का उपयोग करके पाकिस्तानी सेना के हवाई हमलों को विफल करने में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। आकाश प्रक्षेपास्त्र की एक बैटरी में तीन-तीन मिसाइलों के साथ चार लांचर हैं, जो एक दूसरे से जुड़े हैं। प्रत्येक बैटरी 64 लक्ष्यों तक को ट्रैक कर-के उनमें से 12 तक पर हमला कर सकती है। आकाश प्रणाली पूरी तरह से गतिशील और वाहनों के चलते काफिले की रक्षा करने में सक्षम है।

आआपा विधायक ने कांग्रेस विधायक पर लगाया चिट्टा बेचने का आरोप

चंडीगढ़/एजेंसी

पंजाब विधानसभा में मंगलवार को नशे के मुद्दे पर चर्चा के दौरान एक विधायक ने दूसरे विधायक को कथित तौर पर गाली देने की बात सामने आई है। जिसे लेकर सदन में हंगामा हो गया। हालांकि जिस समय यह विवाद हुआ, उस समय कांग्रेस विधायक का माइक बंद था। मंगलवार दोपहर को विधानसभा में नशे के मुद्दे पर चर्चा हो रही थी। स्पीकर कुलतार सिंह संधवा की चेयर पर डिप्टी स्पीकर जयकिशन रोड़ी बैठे थे। इसी दौरान आम आदमी पार्टी के लुधियाना से विधायक मनविंदर ग्यासपुरा ने जालंधर नॉर्थ से कांग्रेस विधायक बावा हैनरी उर्फ अवतार हैनरी जूनियर के परिवार पर नशा बेचने के आरोप लगाया। इससे बावा हैनरी गुस्से में आ गए और उन्होंने आआपा के सदस्य ग्यासपुरा के लिए अपशब्द कह दिया। इतना सुनते ही सदन में हंगामा मच गया। ग्यासपुरा ने डिप्टी स्पीकर को कहा कि अगर किसी उच्च जाति के विधायक को यहां गाली दी जाती तो आपने एक्शन ले लेना था। मगर, मैं संविधान की ताकत से विधायक बनकर आया हूं। आप मुझ जैसे दलितों के साथ इंसाफ नहीं कर सकते तो मैं चुप बैठ जाता हूं। इस पर डिप्टी स्पीकर ने कहा कि आपको गाली देने वाले पर कार्रवाई होगी। विधायक को नोटिस दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने डिप्टी स्पीकर से कहा कि आप रिकॉर्डिंग चेक कर लें, किसने पहल की है। इसी दौरान स्पीकर कुलतार संधवां भी सदन में आ गए। विपक्षी दल नेता बाजवा ने उन्हें बताया कि आआपा के एक सदस्य ने पहले कांग्रेस विधायक पर चिट्टा बेचने का आरोप लगाया। हालांकि आगे से कांग्रेस विधायक ने भी उचित व्यवहार नहीं किया। सारा रिकॉर्ड चेक किया जाना चाहिए। स्पीकर ने बताया कि गाली दी गई है, लेकिन उस समय माइक बंद था।

स्पीकर ने सत्ता पक्ष की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर वह कोई प्रस्ताव लाना चाहते हैं तो ला सकते हैं। इस बीच प्रताप बाजवा ने खड़े होकर पार्टी विधायक की तरफ से माफी मांग ली। जिसके बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

उत्तराखंड के स्कूलों में 2026-27 से पाठ्यक्रम में शामिल होंगी श्रीमद्भगवद्गीता और रामायण

देहरादून/एजेंसी

उत्तराखंड सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2026-27 से श्रीमद्भगवद्गीता और रामायण को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। साथ ही, नैतिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूलों में गीता के श्लोकों का वाचन शुरू हो गया है। दरअसल, 6 मई 2025 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिए थे की नई शिक्षा नीति में जो भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रावधान किया गया है। उसके तहत बच्चों के पाठ्यक्रम में श्रीमद्भगवद्? गीता और रामायण को शामिल किया जाए। जिससे चलते शिक्षा विभाग ने एक और कदम आगे बढ़ते हुए 15 जुलाई से प्रदेश के सभी स्कूलों में श्रीमद्भगवद्? गीता के श्लोक के वाचन शुरू कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने बताया कि सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार,

स्कूलों में श्रीमद्भगवद्गीता के कुछ श्लोकों को लेकर बच्चों को भारतीय ज्ञानपरंपरा और जीवन मूल्यों की जानकारी दें।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश

-प्रार्थना सभा में रोजाना श्रीमद्भगवद्गीता के कम से कम एक श्लोक को अर्थ सहित छात्र-छात्राओं को सुनाया जाए।

- श्लोक के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी जाय।
- हर सप्ताह एक मूल्य आधारित श्लोक को 'सप्ताह का श्लोक' घोषित कर उसे सूचना पट्ट पर अर्थ सहित लिखा जाय।
- जिसका बच्चे अभ्यास करें और हफ्ते के अन्तिम दिन इस श्लोक पर चर्चा की जाय।
- शिक्षक समय-समय पर श्लोकों की व्याख्या करें और बच्चों को जानकारी दें।
- श्रीमद्भगवद्गीता के सिद्धांत किस प्रकार मानवीय मूल्य, व्यवहार, नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं।
- छात्र-छात्राओं को ये भी जानकारी दी जाय कि श्रीमद्भगवद्गीता में दिए गए उपदेश सांख्य, मनोविज्ञान, तर्कशास्त्र, व्यवहार विज्ञान एवं नैतिक दर्शन पर आधारित हैं जो कि धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से सम्पूर्ण मानवता के लिए उपयोगी हैं।
- छात्र-छात्राओं को श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक केवल विषय या पठन सामग्री के रूप में न पढ़ाए जाएं।

एनआरआई की गाड़ी की टक्कर से हुई उम्रदराज धावक फौजा सिंह की मौत

चंडीगढ़/एजेंसी

पंजाब पुलिस ने दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक फौजा सिंह को टक्कर मारने वाले वाहन चालक को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान करतारपुर के दासूपुर निवासी एनआरआई अमृतपाल सिंह ढिल्लों (26) के रूप में हुई। उसका वाहन भी जब्त कर लिया गया है। आरोपित करीब एक सप्ताह पहले कनाडा से लौटा है। पुलिस के अनुसार, 114 वर्षीय फौजा सिंह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में सोमवार शाम टहलने निकले थे, तभी आरोपित ढिल्लों के वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। ढिल्लों उस समय

भोगपुर से किशनगढ़ जा रहा था। हादसे में फौजा सिंह को गंभीर चोट आई और उसी दिन अस्पताल में उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि फौजा सिंह पांच से सात फुट तक हवा में उछल गए थे पुलिस ने आरोपित अमृतपाल की निशानदेही पर आज सुबह फॉर्च्यूनर बरामद कर ली है। वहीं, अभी तक फौजा सिंह का अंतिम संस्कार नहीं हो सका है। उनके ज्यादातर परिवारिक सदस्य कनाडा और इंग्लैंड में रहते हैं। उनके गुरुवार तक तक पहुंचने की संभावना है।

जालंधर के एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि जांच के दौरान एक फॉर्च्यूनर गाड़ी की पहचान मंगलवार देरशाम की गई। नंबर से पता चला कि गाड़ी कपूरथला के अठौली गांव के रहने वाले वरिंदर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। वरिंदर सिंह से पूछताछ में पता चला कि कनाडा से आए अमृतपाल सिंह ढिल्लों ने उसकी कार खरीदी थी।

गंगा में उफान: वाराणसी में बाढ़ का खतरा मंडराया, वरूणा कॉरिडोर पूरी तरह जलमग्न

वाराणसी/एजेंसी

पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश ने गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में खतरनाक बढ़ोतरी कर दी है। वाराणसी में गंगा की लहरें अब उफान मारती हुई आबादी वाले क्षेत्रों की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। पलट प्रवाह के चलते वरूणा नदी के किनारे विकसित वरूणा कॉरिडोर पूरी तरह जलमग्न हो गया है। वरूणा कॉरिडोर के किनारे के नाले और बाढ़ का पानी अब ढेलवरिया, हुकुलगंज, बघवानाला, पिपरहवा घाट, सलारपुर और सरैया जैसे

इलाकों में प्रवेश कर चुका है। सलारपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बाढ़ राहत शिविर में प्रभावित परिवारों का पहुंचना शुरू हो गया है।

—गंगा के जलस्तर में बढ़ाव का रूख जारी

केंद्रीय जल आयोग की ओर से बुधवार सुबह जारी बुलेटिन के अनुसार, वाराणसी में गंगा का जलस्तर सुबह 8 बजे तक 68.94 मीटर दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह यह जलस्तर 68.42 मीटर था, यानी 24 घंटे में 52 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। शाम सात बजे तक यह जलस्तर 68.70 मीटर पहुंच गया था, जो कि चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर से अब कुछ ही दूरी पर है।

नावों पर यात्रियों को बैठा कर गंगा आरती दिखाने पर प्रतिबंध, घाटों तक पहुंच बंद

जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए जल पुलिस ने गंगा में मोटरबोट के माध्यम से गंगा आरती दर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। मांझी समुदाय को निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा कारणों से नाव, बजड़ा और स्टीमर पर यात्रियों को बैठाकर गंगा आरती न दिखाएं।

बिहार सरकार अगले पांच वर्ष में 1 करोड़ रोजगार और रोजगार के अवसर सृजित करेगी

पटना/एजेंसी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में अगले पांच वर्षों यानी 2030 तक रोजगार और रोजगार के अवसर पैदा करने सहित कुल 30 निर्णय लिए गए। कैबिनेट सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने कैबिनेट बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि ये रोजगार और रोजगार के अवसर सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सृजित किए जाएंगे, साथ ही सरकार से किसी भी रूप में सहायता प्राप्त करने वाली फर्मों/उद्यमियों में भी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि बैठक में विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक 12 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया, जो इस उद्देश्य के लिए सभी संभावनाओं और विकल्पों पर विचार करने के बाद सरकार को अपने सुझाव देगी। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, कैबिनेट ने सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उन गैर-कॉर्पोरेट करदाताओं को भी देने का निर्णय लिया, जो राज्य के निवासी हैं और जिनका व्यवसाय राज्य में पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वाणिज्य कर विभाग के प्रस्ताव "बिहार व्यवसायी दुर्घटना मृत्यु अनुदान योजना, 2025" को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के अनुसार, राज्य सरकार किसी व्यवसायी की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके निकटतम परिजन को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देगी,

आईआरएस समेत आयकर विभाग के तीन अधिकारी गिरफ्तार, घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए

नई दिल्ली/एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पटना में बुधवार को आयकर विभाग के सहायक निदेशक सहित तीन अधिकारियों को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में आयकर विभाग के सहायक निदेशक आदित्य सौरभ (आईआरएस), निरीक्षक मनीष कुमार पंकज और मल्टी-टास्किंग स्टाफ शुभम राज शामिल हैं।

सीबीआई के मुताबिक, इन अधिकारियों ने एक व्यक्ति से पहले से जब्त की गई 13 लाख रुपये की नकदी को छोड़ने और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। यह नकदी शिकायतकर्ता के बहनोई से पटना एयरपोर्ट पर जब्त की गई थी, जिसकी जानकारी आयकर विभाग को दी गई थी।

शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने 15 जुलाई को मामला दर्ज कर जाल बिछाया और तीनों को रिश्वत लेते समय पकड़ लिया। एजेंसी ने कार्रवाई के दौरान रिश्वत की पूरी राशि बरामद कर ली है।

ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के डिलीवरी बॉय से जुड़ी याचिका पर केंद्र, दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस

नई दिल्ली/एजेंसी

दिल्ली हाई कोर्ट ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के डिलीवरी बॉय द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को करने का आदेश दिया। याचिका वकील शशांक त्रिपाठी ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के लिए काम करने वाले डिलीवरी बॉय सड़कों पर ट्रैफिक नियमों का जबरदस्त उल्लंघन करते हुए नजर आते हैं। इनके खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं होती है। डिलीवरी बॉय ऐसा जल्दी सामान पहुंचाने के लिए करते हैं।

कांवड़ लेने मत जाना...' गाने वाले शिक्षक पर एफआईआर

अखिलेश यादव का भाजपा पर तंज- क्या यही अमृतकाल है?

बरेली/एजेंसी

बरेली के बहेड़ी स्थित एमजीएम इंटर कॉलेज में हिंदी प्रवक्ता डॉ. रजनीश गंगवार की एक कविता से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। 12 जुलाई को स्कूल की प्रार्थना सभा में छात्रों को सुनाई गई कविता पर हिंदू संगठन ने विरोध जताया। संगठन के लोगों ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद यह मामला सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। अब सियासी रंग पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने शिक्षक का

वीडियो साझा कर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा है कि शिक्षक पर एफआईआर और स्कूल बंद हो रहे हैं... क्या भाजपा के लिए क्या यही अमृतकाल है? उधर, शिक्षक का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह कह रहे हैं कि अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हों तो वह क्षमा मांगते हैं।

जानते हैं पूरा मामला

प्रार्थना स्थल पर शिक्षक डॉ. रजनीश गंगवार ने 'तुम कांवड़ लेने मत जाना, ज्ञान का दीप जलाना...' कविता गाई थी। जिसमें कांवड़ यात्रा, नशा और शिक्षा को लेकर कई भावपूर्ण पंक्तियां थीं। शिक्षक के मुताबिक कविता के माध्यम से छात्रों को सत्कर्म, शिक्षा, मानवता और विवेक का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी गई थी। लेकिन हिंदू संगठनों ने इस कविता को धर्म से जोड़कर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया।

महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन प्रजापति ने 14 जुलाई को बहेड़ी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने कहा कि यह कविता हिंदू आस्था का अपमान है। उन्होंने शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। प्रशासन का रुख बहेड़ी के क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने पुष्टि की। उन्होंने कहा कि डॉ. रजनीश गंगवार के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

कॉलेज के प्रिंसिपल ने ये कहा

एमजीएम इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल अशोक कुमार गंगवार ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति कम हो रही थी। कई छात्र कांवड़ लेने चले जाते हैं। शिक्षक ने इसे लेकर बच्चों को समझाने के लिए कविता कही, लेकिन इस तरह की कविता नहीं कहनी चाहिए, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो। विद्यालय ने शिक्षक से लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। 'मेरा उद्देश्य सिर्फ इतना था कि बच्चे स्कूल नियमित आएं, सड़क पर भीड़ का हिस्सा न बनें और नशे जैसे सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। मैंने किसी धर्म विशेष को अपमानित करने की मंशा से यह कविता नहीं कही थी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में पीएचडी हैं । आकाशवाणी, दूरदर्शन और समाचार पत्रों में प्रकाशित कवि व लेखक हैं ।

शुभांशु शुक्ला की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी
नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 के पूरे दल को पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ये देश के लिए गर्व का क्षण है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 के पूरे दल को पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी पर हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। सचदेवा ने कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव अंकित रहेगी। उन्होंने कहा कि आज इतिहास रच दिया गया है और भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण का भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह उपलब्धि भारत के अपने मानव अंतरिक्ष यान मिशन गगनयान की दिशा में एक बड़ा कदम है। शुभांशु शुक्ला के भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना करता हूं।

घरेलू नौकर ने रची करोड़ों की चोरी की साजिश, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले के मॉडल टाउन इलाके में एक हाई-प्रोफाइल चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। चोरी में घरेलू नौकर और उसके साथियों ने मिलकर 2.25 करोड़ रुपये से अधिक के कीमती आभूषणों और 15.20 लाख नकद पर हाथ साफ किया था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विवेक कुमार, बिरेन्द्र यादव और पियूष कुमार के रूप में हुई है। तीनों आरोपितों के कब्जे से 15.20 लाख नकद और 2.25 करोड़ से अधिक के आभूषण बरामद किए है। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार 27 जून को मॉडल टाउन निवासी शिकायतकर्ता अनीता झुनझुनवाला ने पुलिस को चोरी की शिकायत दी। पीड़िता ने बताया कि उनके घरेलू नौकर अरुण कुमार ने 55 लाख नकद और सोना-चांदी व हीरे के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मॉडल टाउन थाना पुलिस के अलावा जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगलीा तो पता चला कि अरुण एक अन्य व्यक्ति के साथ बैग और ट्रॉली बैग लेकर घर से निकल रहा है। पुलिस टीम को सूचना तंत्र के माध्यम से जानकारी मिली कि आरोपित बिहार के बांका जिले में छिपे हुए हैं। सूचना को पुख्ता कर दिल्ली पुलिस की टीम ने बिहार में उक्त जिले में छापा मारा और तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया।

दूसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिले के पुराना मुस्तफाबाद स्थित शब्बीर स्वीट शॉप की दूसरी मंजिल से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। जांच में मृतक की पहचान कल्याण (35) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक करीब 12:38 बजे पुलिस को सूचना मिली कि पुराना मुस्तफाबाद स्थित शब्बीर स्वीट शॉप के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना दयालपुर की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने देखा कि एक युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा है। घायल को तत्काल जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मृतक उसी मिठाई की दुकान में कार्यरत था। शुरुआती जांच के दौरान पता चला है कि कल्याण दूसरी मंजिल से नीचे गिरा है। क्राइम और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि यह घटना दुर्घटनावश हुई या इसके पीछे कोई और कारण है।

डॉ. सागर प्रीत हुडा को चंडीगढ़ का नया डीजीपी नियुक्त किया गया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. सागरप्रीत हुड्डा को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी आदेश में एजीएमयूटी कैडर के 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा को दिल्ली से स्थानांतरित कर चंडीगढ़ का डीजीपी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। आईपीएस अधिकारी सागर प्रीत हुड्डा इससे पहले दिल्ली में विशेष पुलिस आयुक्त-संचालन (पीसीआर एवं संचार) के पद पर भी कार्यरत थे। हुड्डा दिल्ली पुलिस बल के भीतर खुफिया अभियानों की देखरेख के साथ-साथ मीडिया संबंधों के प्रबंधन का भी काम देख रहे थे।

स्मार्ट कार्ड, आधुनिक बस स्टॉप और नए रूट से दिल्ली को मिलेगी नई परिवहन सुविधा

एजेंसी
नई दिल्ली। दिल्ली सरकार डीटीसी का कायाकल्प करने के उद्देश्य से एक व्यापक योजना लेकर आई है। उद्देश्य है कि डीटीसी लाभप्रद, अत्याधुनिक, कार्यकुशल और यात्री सुविधा केन्द्रित हो। इसके लिए डीटीसी बसों के रूट आईआईटी दिल्ली की सहायता से नए सिरे से तय किए जा रहे हैं। जल्द ही मेट्रो, डीटीसी और आरटीएस के लिए एकल स्मार्ट कार्ड भी जारी होगा। महिलाओं और ट्रांसजेंडरों के लिए विशेष पिंक कार्ड योजना शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को अत्याधुनिक और जनसुलभ बनाने का खाका तैयार किया गया। बैठक में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह, मुख्य सचिव धर्मेन्द्र, आयुक्त निहारिका राय सहित अधिकारी शामिल हुए।परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि डीटीसी के बेड़े में 4,800 ईवी बसें और 1,800 सीएनजी बसें हैं। इनमें 'देवी' सेवा

की लोकप्रियता उल्लेखनीय रही है। सभी बस डिपो को ईवी चार्जिंग और मेंटिनेंस सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य डीटीसी को घाटे से निकालकर राजस्व लाभ वाली संस्था बनाना है। रूट रेशनलाइजेशन के साथ नए स्मार्ट शेल्टरों का निर्माण प्राथमिकता है।

योजना के अंतर्गत एकीकृत स्मार्ट कार्ड व्यवस्था लागू की जाएगी, जिसके माध्यम से डीटीसी, मेट्रो और आरटीएस जैसी सेवाओं में एक ही कार्ड से यात्रा संभव होगी। साथ ही महिलाओं और ट्रांसजेंडरों के लिए पिंक कार्ड की भी घोषणा की गई है, जिसके ज़रिए वे डीटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। यह कार्ड बैंकों के माध्यम से वितरित किया जाएगा और इसकी व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और सुलभ होगी।

बस सेवाओं को अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए आईआईटी दिल्ली के सहयोग से नए रूट तैयार किए जा रहे हैं। ये रूट छोटे इलाकों और मेट्रो स्टेशनों को जोड़ेंगे, जिससे यात्रियों की सुविधा में इज़ाफा होगा। यमुनापार से इस प्रयोग की शुरुआत की जाएगी और फिर इसे पूरे दिल्ली में लागू किया जाएगा।

राजधानी के प्रमुख अंतरराज्यीय बस अड्डों- कश्मीरी गेट, सराय काले खां और आनंद विहार को भी अत्याधुनिक बनाने की योजना है। इन बस अड्डों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से युक्त किया जाएगा, ताकि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और तकनीकी रूप से समृद्ध परिवेश मिल सके। इनमें डिजिटल टिकटिंग, सूचना पैनल और बेहतर प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएँ शामिल होंगी। सरकार का लक्ष्य डीटीसी को 60,000 करोड़ रुपये के घाटे से उबार कर लाभकारी और आत्मनिर्भर संस्था बनाना है।

दिल्ली सरकार 'राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस' पर भव्य कार्यक्रम का करेगी आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली की समृद्ध हैंडलूम विरासत को पुनर्जीवित करने और ईको-फ्रेंडली फैशन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार 06 अगस्त को 'राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस' मनाने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करेगी। पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज इसकी जानकारी दी। 'वस्त्र कथा' नामक यह कार्यक्रम दिल्ली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) के तहत आयोजित होगा, जिसमें हेरिटेज, सस्टेनेबिलिटी और युवाओं की रचनात्मकता का संगम होगा। कार्यक्रम में जी.आई. टैग वाले कपड़ों की प्रदर्शनी, वैदिक सभ्यता पर आधारित फैशन रैम्प वॉक और स्टूडेंट डिज़ाइन प्रोजेक्ट्स शामिल होंगे। मंत्री सिरसा ने कहा कि हम डीकेवीआईबी में लंबे समय से रुके हुए सुधार ला रहे हैं, ताकि यह बोर्ड इस साल के अंत तक आर्थिक रूप से मजबूत बन सके और 2026 तक एक प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में उभरे। सरकार पहले ही 50 करोड़ रुपये की राशि कौशल प्रशिक्षण के लिए आवंटित कर चुकी है, और अब हम 'वस्त्र कथा' जैसे मंचों के माध्यम से कारीगरों को रोज़गार और पहचान दोनों दे रहे हैं। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण होगा – 24 स्टॉल्स की प्रदर्शनी, जिसमें भारत के विभिन्न प्रदेशों से दुर्लभ, जी.आई. टैग वाले हैंडलूम साड़ियां और कपड़े प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें असम की मोंगा सिल्क, तेलंगाना की पोचमपल्ली और गडवाल, तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क, मध्य प्रदेश की चंदेरी और महेश्वरी, केरल की कसावु, गुजरात की पटोला, पश्चिम बंगाल की कांथा और ओडिशा की बुनकाई सिल्क जैसे खास कपड़े शामिल होंगे।

पुलिस ने दो बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा

एजेंसी
नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिले की ऑपरेशन सेल ने अवैध रूप से भारत में रह रही दो बांग्लादेशी महिलाओं को दिल्ली कैंट इलाके से गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान डोली बेगम (37) और मोरियम अख्तर (28) के रूप में हुई है। दोनों बांग्लादेश की रहने वाली है।

दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार अवैध विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व अपराधों की रोकथाम के लिए जिले की ऑपरेशन सेल की एक विशेष टीम गठित की गई है। डीसीपी के अनुसार टीम को 14 जुलाई को एक गुप्त सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध विदेशी महिलाएं दिल्ली कैंट क्षेत्र में घूम रही हैं।

सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ की गई। वे वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकीं और पूछताछ में यह स्वीकार किया कि वे 2023 में बांग्लादेश बॉर्डर और त्रिपुरा राज्य के रास्ते भारत में अवैध

रूप से दाखिल हुई थीं। पूछताछ में उन्होंने बतायक कि वे बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में हाउसकीपिंग का काम तलाश रही थीं, लेकिन कहीं उपयुक्त रोजगार नहीं मिल सका। पुलिस को दोनों महिलाओं के पास से बांग्लादेश का पहचान पत्र भी मिला है। पुलिस ने दोनों के पकड़े जाने की सूचना विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को दे दी है। इनको डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है, जल्द ही उनको वापस इनके देश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग एवं आईएसबीटी के विकास प्रस्तावों पर की समीक्षा बैठक

एजेंसी
नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में परिवहन विभाग और अंतरराज्यीय बस अड्डों (आईएसबीटी) के विकास को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान रेखा गुप्ता ने बताया कि राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुगम, सुलभ, सुरक्षित और यात्रियों के अनुकूल बनाने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि आईएसबीटी परिसरों के आधुनिकरण, यात्रियों की सुविधा को बढ़ाने हेतु एकीकृत स्मार्ट कार्ड प्रणाली लागू करने जैसे प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। रेखा गुप्ता ने बताया कि स्मार्ट कार्ड प्रणाली लागू होने से यात्रियों को बस, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन के बीच आसान और कैशलेस सफर की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्री सुविधाओं एवं

सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और योजना क्रियान्वयन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को प्राथमिकता मिले। बैठक में कैबिनेट मंत्री पंकज सिंह, परिवहन विभाग और दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (डीटीआईडीसी) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अभाविप के कार्यकर्ताओं ने ओडिशा की छात्रा की आत्महत्या पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

एजेंसी
नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में ओडिशा के फकीर मोहन विश्वविद्यालय की छात्रा एवं अभाविप की सक्रिय कार्यकर्ता सौम्याश्री बिश्री की आत्महत्या के विरोध में प्रदर्शन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं इस मामले की त्वरित न्यायिक जांच एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि सौम्याश्री केवल एक छात्रा नहीं बल्कि पूरे छात्र समाज की आवाज थी। आज जब एक युवा छात्रा को मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण आत्मदाह करना पड़ता है तो यह समूचे शैक्षणिक ढांचे के लिए आत्ममंथन का समय है। उन्होंने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि किस प्रकार की तानाशाही और संवेदनहीनता आज हमारे शिक्षण संस्थानों में घर कर गई है।

अभाविप दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि हमने एक साहसी और प्रतिबद्ध कार्यकर्ता को खो दिया है। जिसने शैक्षणिक दमन

के खिलाफ अपनी जान दे दी। सौम्याश्री का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। अभाविप राज्य सरकार से माँग करता है कि विभागाध्यक्ष समीर साहू को तत्काल निलंबित कर इस मामले में न्यायिक जांच की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि सौम्याश्री बिश्री ने कॉलेज की विभागाध्यक्ष समीर साहू द्वारा लगातार मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना से पीड़ित होकर 12 जुलाई को आत्मदाह किया। जिसके कारण 14 जुलाई को उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल दुखद है बल्कि यह एक शिक्षण संस्थान में व्याप्त अन्याय एवं असंवेदनशीलता को उजागर करती है। अभाविप ने इस घटना पर कॉलेज प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर समय रहते प्रशासन ने संज्ञान लिया होता और सौम्याश्री की पीड़ा को समझा होता, तो आज एक होनहार छात्रा जीवन से हार न मानती। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और मोमबत्तियां जलाकर मृतका सौम्याश्री बिश्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ठगी के मामले में दो वर्षों से वांछित आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी
नई दिल्ली। रोहिणी जिले की साइबर पुलिस ने एक दो साल पुराने साइबर ठगी के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान झुंझुनूं, राजस्थान रोहित (28) के रूप में हुई है। आरोपित खुद को ट्रांसपोर्ट कंपनी का मालिक बताकर लोगों से धोखाधड़ी करता था। आरोपित जस्ट डायल पर अपना प्रोफाइल बना कर फर्जी ट्रांसपोर्ट सेवा का विज्ञापन देता था, फिर इच्छुक ग्राहकों से ट्रांसपोर्ट चार्ज के नाम पर पैसे ठगता था। रोहिणी जिले के डीसीपी राजीव रंजन के अनुसार कुछ समय पहले शिकायतकर्ता ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसने जस्ट डायल पर एक ट्रांसपोर्ट सेवा की प्रोफाइल देखी। उस पर दिए गए नंबर पर कॉल करने के बाद आरोपित ने खुद को ट्रांसपोर्ट कंपनी का मालिक बताया और रोहिणी से गुवाहाटी, असम तक मशीन डिलीवरी की सेवा देने की बात कही। विश्वास जीतने के लिए आरोपित ने असली ट्रांसपोर्ट कंपनियों से कोटेशन व गाड़ी के नंबर व तस्वीरें मंगवाई और वही ग्राहक को भेजीं। उसके 10,000 का भुगतान लिया। एक पोर्टर वाहन भी भेजा, जिसने सामान तो उठाया लेकिन जब सामान गुरुग्राम की असली लॉजिस्टिक कंपनी पहुंचा तो पाया गया कि कोई बुकिंग नहीं हुई थी। ड्राइवर को भी कोई भुगतान नहीं किया गया था। इस पर शिकायतकर्ता ने मामला दर्ज कराया। डीसीपी के अनुसार इस मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया।

बायोस्टिमुलेंट के मामले में कोई अनुमति देते वक्त किसानों की स्थिति का भी रखें ध्यान: शिवराज सिंह

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बायोस्टिमुलेंट की बिक्री को लेकर एक बैठक में अधिकारियों को पारदर्शी तरीके से काम करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बायोस्टिमुलेंट के मामले में अधिकारियों को हिदायत दी कि वे कोई भी अनुमति देते समय किसानों की स्थिति को ध्यान में रखें।

चौहान ने कृषि भवन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में कहा कि हम देश के छोटे किसानों के साथ किसी भी हालत में अन्याय नहीं होने देंगे। कुछ बेईमान गड़बड़ियां कर रहे हैं, जिनसे किसानों को बचाना मेरी जिम्मेदारी है। भोले-भाले किसानों से शिकायतें मिलने के बाद चुप नहीं बैठा जा सकता, किसान सर्वोपरि हैं। देश का कृषि मंत्री होने के नाते उनकी जवाबदेही है कि इस संबंध में कार्रवाई हो। उन्होंने अनेक गंभीर सवाल उठाते हुए बैठक में अधिकारियों से कहा कि देश में बायोस्टिमुलेंट कई सालों से बिक रहा है और एक-एक साल करके इसकी बिक्री की अनुमति की अवधि बढ़ाई जाती रही है, लेकिन फील्ड से कई बार शिकायतें आती हैं कि इससे कोई सेम्पलिंग या टेस्टिंग की व्यवस्था है या नहीं, असली-नकली की पहचान के तरीके और गड़बड़ होने की स्थिति में कार्रवाई के लिए प्रावधान की पूरी जानकारी दें। चौहान ने कहा कि

फायदा नहीं है फिर भी ये बिक रहा है। चौहान ने कहा कि इसकी पूरी समीक्षा करना आवश्यक है कि इससे कितना फायदा किसानों को हो रहा है, यदि नहीं तो बेचने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। बिना अर्थ के हजारों कंपनियां इसकी बिक्री करने में लग गईं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बायोस्टिमुलेंट के इतिहास, आज की स्थिति, पंजीकृत उत्पादों की संख्या, बाजार में इसकी बिक्री को नियंत्रित करने के उपाय, किसानों के भरोसे के लिए बायोस्टिमुलेंट का आईसीएआर से परीक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसान हमारे लिए सर्वोपरि हैं, इसलिए यह देखा जाए कि किसानों के लिए ये तकनीकी रूप से कितने उपयोगी हैं। उन्होंने अधिकारियों के प्रति इस बात के लिए काफी नाराजगी व्यक्त की कि कुछ सालों तक 30 हजार बायोस्टिमुलेंट उत्पाद बिकते रहे और अधिकारियों द्वारा इसपर आपत्ति नहीं जताई गई।

जेल में कैदी ने की खुदकुशी

एजेंसी
नई दिल्ली। तिहाड़ जेल के अस्पताल में एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जेल के प्रवक्ता अरविंद कुमार के अनुसार मृतक की पहचान रमेश कर्मकार के रूप में हुई है। मृतक रमेश कर्मकार ने जेल अस्पताल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना दिनांक 13 जुलाई की रात को सामने आई जब रमेश का शव जेल नंबर-3 के अस्पताल में खिड़की से लटका हुआ मिला। जेल के प्रवक्ता के अनुसार कैदी रमेश कर्मकार को 28 जून से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते तिहाड़ जेल के ही नंबर-3 के अस्पताल में भर्ती किया गया था। शनिवार रात को वह अपने वार्ड में अकेला था। इसी दौरान उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह 14 जुलाई को जब जेल स्टाफ ने नियमित निरीक्षण किया, तब घटना का पता चला। तुरंत ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और पुलिस को बुलाया गया। जेल सूत्रों के अनुसार रमेश कर्मकार हत्या के मामले में जेल में बंद था। फिलहाल हरि नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सूचना मिलने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस इसे हर एंगल से जांच रही है। पुलिस यह पता

लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या रमेश कर्मकार किसी मानसिक दबाव में था या उसके साथ जेल में किसी प्रकार का दुर्व्यवहार हुआ था जिसने उसे यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। फिलहाल पुलिस जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली समेत देश के कई इलाकों में भारी बारिश, आंधी-तूफान का अलर्ट

एजेंसी
नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली सहित देश के कई इलाकों में भारी बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। इस दौरान आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में उमस और गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ सकता है। आईएमडी के अनुसार आज शाम से रात तक छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कई इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जबकि कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की भी संभावना है। वहीं बिहार, असम, मेघालय, झारखंड, पश्चिम बंगाल के मैदानी क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और ओडिशा में भी कई जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, केरल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, तमिलनाडु, पुडुचेरी और सिक्किम जैसे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में भी भारी बारिश की संभावना है।

कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान की चेतावनी भी जारी की गयी है। खासतौर पर बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और

लद्दाख के कई हिस्सों में बिजली गिरने के साथ-साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, विदर्भ और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान है। अंडमान-निकोबार, ओडिशा, बंगाल, आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक के कुछ इलाकों में तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में उमस और गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ सकता है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में 40 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। खासकर गुजरात, कोंकण, गोवा, लक्षद्वीप, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के समुद्री तटों पर मछुआरों और समुद्री यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने समुद्री गतिविधियों से जुड़े लोगों को जरूरी एहतियात बरतने को कहा है।

रेखा गुप्ता ने मैराथन धावक सरदार फौजा सिंह के निधन पर जताया दुख

एजेंसी
नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व के सबसे उम्रदराज मैराथन 114 वर्षीय धावक सरदार फौजा सिंह के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं।रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि विश्व के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक सरदार फौजा सिंह के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। अपनी विलक्षण जीवटता, अनुशासन और अद्वितीय ऊर्जा से उन्होंने न केवल खेल जगत को गौरवान्वित किया बल्कि फिटनेस और आत्मबल के प्रतीक बनकर युवाओं को भी प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि सदी पार कर चुका एक ऐसा धावक जिसने साबित किया कि आयु नहीं संकल्प मायने

रखता है। गुप्ता ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों व असंख्य प्रशंसकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध मैराथन धावक फौजा सिंह का सोमवार को पंजाब के जालंधर जिले में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। वह 114 वर्ष के थे और अपने पैतृक गांव ब्यास में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें जालंधर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शाम को उनकी मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी जालंधर पुलिस और उनके जीवन पर पुस्तक 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' लिखने वाले लेखक खुशवंत सिंह ने दी है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जयपुर साउथ द्वारा अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, छात्रों में जागरूकता का संचार

जयपुर, राजस्थान झ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (क्टअ) जयपुर साउथ टीम ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए छात्रों के बीच अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को अंगदान के महत्व से अवगत कराना और उन्हें इसके लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने छात्रों को अंगदान की प्रक्रिया, उससे जुड़ी भ्रांतियाँ, कानूनी प्रावधान और इसके सामाजिक महत्व की विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने भी विषय में गहरी रुचि दिखाई और जागरूकता की इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया इंटरएक्टिव सत्रों, वास्तविक जीवन की कहानियों, और शैक्षिक सामग्री के माध्यम से अगली पीढ़ी को इस पुण्य कार्य के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया साथ ही जागरूकता फैलाव जीवन के 50 संकल्प पत्र भी भरवाए

नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

जयपुर, 17 जुलाई। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निदेर्शानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में रामबाग सर्किल से जेडीए व जेएलएन मार्ग, राजस्थान विश्वविद्यालय, एयरपोर्ट, दुगार्पुरा पुलिया एवं टोंक रोड़ तारों की कुट से लेकर वाटिका मोड तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये 5 केन्टर सामान जब्त किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के परिणामों में नगर निगम ग्रेटर जयपुर को मिला राष्ट्रीय स्तर पर 16वां और राज्य स्तरीय प्रथम स्थान

जयपुर, 17 जुलाई। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के बहुप्रतीक्षित परिणाम गुरूवार को घोषित किए गए। इस राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण में देशभर के 40 प्रमुख शहरों में से नगर निगम ग्रेटर जयपुर ने 16वां स्थान प्राप्त कर प्रदेश और जयपुर का गौरव बढ़ाया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में एक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से माननीय नगरीय विकास मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा एवं नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर सहित नगर निगम ग्रेटर टीम ने सहभागिता की। इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय नगरीय विकास मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जयपुर की इस उपलब्धि को सम्मानित किया गया।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के जयपुर आगमन पर नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में स्वागत समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, व्यापारी संघ, विकास समिति, महिला संगठन, जनप्रतिनिधि समिति, पार्षदगण, अधिकारीगण एवं निगम के समर्पित कर्मचारीगण उपस्थित रहे। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर पर फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया एवं राष्ट्रीय सम्मान हेतु बधाई दी।

वाईआरएफ ने जारी किया 'वॉर 2' का नया पोस्टर – 30 दिन का काउंटडाउन शुरू!

यशराज फिल्म्स की सबसे बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'वॉर 2' अब महज 30 दिन दूर! वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स का यह धमाकेदार चैप्टर इस साल की सबसे बड़ी एक्शन स्पेक्टेकल साबित होने जा रहा है।

जित मुंबईः- अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस मेगा-प्रोजेक्ट में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की तिकड़ी पहली बार एक साथ नजर आएगी। फिल्म 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वाईआरएफ ने हाल ही में 'वॉर 2' का नया पोस्टर जारी किया है जिसमें तीनों स्टार्स का दमदार लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर के साथ फिल्म के 30 दिन के काउंटडाउन की औपचारिक शुरूआत हो चुकी है, और फैंस के बीच उत्साह चरम पर है।

यह फिल्म वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की सबसे बड़ी टक्कर पेश करने वाली है – और माना जा रहा है कि यह 'पठान' और 'टाइगर' की विरासत को एक नए स्तर पर ले जाएगी।

गैस सिलेंडर फटने से मृत महिला के परिजनों से मिले विधायक ,

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मरुई गांव में बुधवार की दोपहर बाद हुई आग लगी की भीषण घटना एवं गैस सिलेंडर ब्लास्ट में एक विवाहिता की हुई मौत मामले में स्थानीय भाजपा विधायक लखेंदर पासवान की तत्परता क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है उनके इस सराहनीय कार्य की चर्चा चारों ओर हो रही है। आग लगी की घटना एवं विवाहिता की मौत की सुचना मिलते ही विधायक तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंचे एवं हालात का जायजा लिया अग्नि पीड़ित परिवारों के रात्रि विश्राम एवं भोजन का व्यवस्था अपनी ओर से करवाया वहीं बीडीओ सीओ को घटना स्थल पर बुलाकर घटना के कुछ देर बाद ही मृतिका के स्वजन को आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपए सहायता राशि का चेक जहां अपने हाथों से दिया वहीं सभी अग्नि पीड़ित परिवारों के बारह बारह हजार रुपए की सरकारी सहायता की राशि का चेक भी दिलवाया एवं पीड़ीतो के बीच पोलोथीन आदि भी उपलब्ध कराई। वहीं विधायक ने बीडीओ दीपक कुमार सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को अविलंब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी प्रक्रियाओं को युद्ध स्तर पर पुरा कर पक्का मकान बनवाया जाए। विधायक के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा चारों ओर हो रही है।

अग्नि पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी बढ़ाया ढाढस

देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की शाम गैस सिलेंडर फटने से आग लगी की घटना में पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक। आग लगी की घटना के दौरान नव विवाहिता के जिंदा जले मां और परिजन से की मुलाकात। अग्नि पीड़ित परिवार से मिलकर खाद्य सामग्री के साथ आर्थिक सहयोग किया। आपदा से मिले पैसे को मृतक के बच्ची के नाम पर सुकन्या योजना में रखने की कही बात। इस मौके पातेपुर बी डी ओ एवं सी ओ से बात कर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने की बात। मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मरूई पंचायत में गैस सिलेंडर फटने से लगी आग में गुरुवार को पीड़ित परिवार से पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी ने मुलाकात किया। इस मौके पर गैस सिलेंडर फटने से जिंदा जली नव विवाहिता मौसम कुमारी के मां से भी मुलाकात किया।

कैलरम गांव में सोलर सब्सिडी को लेकर ग्रामीणों में रोष

बोले : राज्य सरकार की सब्सिडी का 7 महीने से इंतजार कर रहे हैं हम

कैथल (**कृष्ण प्रजापति**): हरियाणा सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गरीब बीपीएल परिवारों को सोलर पैनल लगवाने के लिए दी जा रही सब्सिडी को लेकर कलायत हल्के के गांव कैलरम के ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें सोलर पैनल लगाए हुए 7 महीने से ज्यादा हो चुके हैं, मगर राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली 50 हजार रुपए की सब्सिडी अब तक नहीं मिली है।

केंद्र की सब्सिडी समय पर, राज्य की फंसी

इस योजना के तहत 2 किलोवॉट सोलर पैनल लगवाने पर उपभोक्ताओं को 1.10 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाती है, जिसमें 60 हजार रुपए केंद्र सरकार और 50 रुपए राज्य सरकार देती है। कैलरम गांव के उपभोक्ताओं ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी उन्हें समय पर मिल गई थी, लेकिन राज्य सरकार की राशि के लिए वे अब तक चक्कर काट रहे हैं।

प्योदा में मुख्यमंत्री के दौरे से पहले बंटे चेक, कैलरम के लोग नाराज

गत 12 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कलायत हल्के के गांव प्योदा का दौरा किया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के आगमन से एक दिन पहले प्योदा गांव के 11 लाभार्थियों को 50,000 रुपए के सब्सिडी चेक बिजली विभाग द्वारा बांटे गए। इससे कैलरम के लोगों में रोष है कि एक ही योजना के तहत लाभ लेने के बावजूद उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है।

कैलरम निवासी उपभोक्ता सुरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बड़ी मेहनत से 1.30 लाख रुपए इकट्ठे किए थे ताकि इस योजना का लाभ ले सकें। अब सात महीने से वे राज्य सरकार की सब्सिडी का इंतजार कर रहे हैं। बिजली विभाग से पूछने पर उन्हें हर बार यही जवाब मिलता है कि "ऊपर से फंड नहीं आया"। वहीं, ग्रामीण सत्यवान ने कहा कि अगर प्योदा के लोगों को चेक मिल सकते हैं, तो विभाग के पास बजट है, फिर कैलरम के लोगों को क्यों रोका जा रहा है ? गांव के अन्य ग्रामीणों कुसुम देवी, राजेश, गुरुदेव, बलिंद्र और जगदीश आदि ने भी विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी ही उनकी सब्सिडी जारी नहीं की गई, तो वे कलायत बिजली निगम कार्यालय में एकजुट होकर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि सभी लाभार्थियों के साथ समानता का व्यवहार किया जाए और किसी एक गांव या क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देकर अन्य को नजरअंदाज न किया जाए।

अर्थी भी नहीं निकल पा रही: झोटवाड़ा की आसलपुर खातलियों की ढाणी में जलभराव से बिगड़े हालात

अजय सिंह (चिंटू)
जोबनेर -

झोटवाड़ा विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत आसलपुर की खातलियों की ढाणी, वार्ड नंबर 13, आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस क्षेत्र में न तो पक्की सड़क है और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था। हालात इतने खराब हैं कि बरसात के दिनों में क्षेत्र पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। लोगों को अंतिम संस्कार जैसे जरूरी कार्यों में भी जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। अर्थी तक की राह मुश्किल हो चुकी है, जो अत्यंत दुखद और निंदनीय है। यह आम रास्ता आसलपुर पंचायत को बोबास पंचायत और जयपुर से जोड़ता है, लेकिन स्थिति यह है कि प्रशासनिक अनदेखी और पंचायत स्तर पर लापरवाही के चलते रास्ता कीचड़ और पानी से लबालब भरा रहता है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर खुद कहते हैं कि हर पंचायत को साफ-सफाई के लिए ?1 लाख प्रतिवर्ष दिए जाते हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि खातलियों की ढाणी में वो धनराशि कहां खर्च हो रही है? क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने मंत्रीजी से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस मूलभूत समस्या का समाधान किया जाए। जनता को आपसे अपेक्षा है कि वर्षों से उपेक्षित इस क्षेत्र की सुध जरूर ली जाएगी।

इतिहास बचाओ महासभा की बैठक आयोजित

झुंझुनू। 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक झुंझुनू के रोड नम्बर 1 पर स्थित श्री शार्दूल सिंह शेखावत छात्रावास में इतिहास बचाओ महासभा का आयोजन हो रहा है। जिसमें शेखावाटी के तीनो जिलों झुंझुनू, सीकर, चूरू और राठौड़वाटी के नागौर से हजारों की संख्या में सहभागी सोच के नागरिक शामिल होंगे। इसकी तैयारी के तहत अलग-अलग गांवों में सैंकड़ों बैठकें आयोजित की गई है। इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान का इतिहास पूरे संसार में गौरव के साथ पढ़ाया जाता है। समस्त विश्व से पर्यटक इस गौरवशाली इतिहास की गरमाहट को महसूस करने राजस्थान भ्रमण पर आते हैं। विगत दो-तीन दशकों में इतिहास का अतिक्रमण करने का कुप्रयास हो रहा है । शेखावाटी और नागौर में काल्पनिक चरित्र बनाकर उसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरवमयी पहचान को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। राजस्थान की लोकतांत्रिक सरकारें भी इसको बढ़ावा दे रही हैं। भारत देश विविधताओं में एकता का देश रहा है । हिन्दू-मुस्लिम सहित अन्य बहुत से धर्मों के अनुयायी यहां सदियों से साथ रह रहे हैं। पूर्वी, उतरी, दक्षिणी, पश्चिमी, मध्य भारत के रीति रिवाज, पहनावा, खानपान, रहन-सहन बहुत अलग-अगल है परन्तु यह विविधता भारत की शक्ति है। हमें इसको बचाकर रखना होगा। ऐसी ही विविधताओं में से एक शेखावाटी की बेहतरीन सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक फतेहपुर कस्बा कायमखानी नवाब फतेह खां के नाम पर बसाया गया है। फतेहपुर शेखावाटी में किसी भी कायमखानी नवाब के नाम पर बसा हुआ एकमात्र कस्बा है। नकली राष्ट्रवादियों द्वारा इसका नाम बदलकर सीतापुर करने की साजिश रची जा रही है। इसलिए इस निशानी को संभाल कर रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सीता माता भारत देश की आत्मा है। उनके अनुयायी पूरे संसार में व्याप्त है। उनको फतेहपुर जैसे छोटे से भाग में सीमित करने का प्रयास गलत है। राजपूत समाज तमाम हिन्दू समाज को साथ लेकर भारत की सांस्कृतिक विरासत को खत्म करने के प्रयास का पूरजोर विरोध करेगा। राजपूत, कायमखानी राजपूत, रावणा राजपूत, चारण राजपूत, राजपुरोहित सहित एससी, एसटी, वास्तविक पिछड़ा, अधिकतम पिछड़ा, सामान्य वर्गों के हिन्दू और मुस्लिम राजस्थान की आन -बान-शान बचाने और अपनी नाराजगी और विरोध दर्ज कराने हेतु हजारों की संख्या में एकत्र हो रहे हैं। सभी अपने गांवों से स्वयं की बसों और अन्य व्यक्तिगत साधनों द्वारा महासभा में पधारेंगे।

बीडीके अस्पताल को प्रदेशभर में बेस्ट ईको-फ्रेंडली अस्पताल का अवार्ड मिला

झुंझुनू। जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनू को प्रदेशभर में बेस्ट ईको-फ्रेंडली अस्पताल चुना गया है । राज्य गुणवत्ता आश्वासन ईकाई एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार समिति के द्वारा प्रदेशभर के संस्थानों के गुणवत्ता आश्वासन एवं कायाकल्प के तहत निरिक्षण करवाया गया। निरिक्षण से प्राप्त मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर निदेशालय में आयोजित बैठक में प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों में बीडीके अस्पताल को उत्तम ईको-फ्रेंडली संस्थान चुना गया है। अस्पताल की सेवाओं का प्रथमतया निरीक्षण मेरा अस्पताल के तहत किया। जिसमें 15 प्रतिशत स्कोरिंग की गई। प्रथम एवं द्वितीय चरण, पीयर असेसमेंट के बाद बाह्य समीक्षकों के द्वारा निरिक्षण किया गया। बाहय समीक्षकों के द्वारा 85 प्रतिशत स्कोरिंग की गई। बाह्य समीक्षकों द्वारा प्रदेशभर के अस्पतालों का निरीक्षण किया एवं मूल्यांकन के बाद स्कोरिंग की गई। प्रत्येक सेवा की बिंदुवार गहनता से जांच कराई गई। बीडीके अस्पताल की संरचना, क्षैत्रफल, पेड़ पौधों की स्थिति, अस्पताल में चौकोरनुमा गैलैरी, वार्डों एवं आईसीयू में बाह्य प्रकाश की पहुंच, जमीनी तल पर वार्डों की संख्या, हरा खुला क्षैत्र, रोगीयों से मिलने का समय, हवा का संचार में अस्पताल में बेहतरीन प्रबंधन से सर्वाधिक स्कोरिंग मिली है। हैल्थ मैनेजर डॉ नावेद अख्तर ने बताया कि स्वस्थ एवं हरित, संक्रमण मुक्त संस्थान रोगीयों के स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार लाता है। निरंतर क्वालिटी पाॅइंट्स पर कार्य करने से गुणवत्ता में बढ़ोतरी होती है। अस्पताल की सेवाओं में प्रतिदिन हो रही बढ़ोतरी में यह एक नया आयाम स्थापित करेगा। अस्पताल में 270 बेड का नवीन अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर निमाणार्धीन है। इससे सेवाओं में और विस्तार हो सकेगा।

इनका कहना है

प्रदेशभर में बीडीके अस्पताल को उत्तम ईको-फ्रेंडली संस्थान का अवार्ड मिलना अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं उत्साहजनक है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा 30 करोड़ की लागत से बना शाहपुरा बाईपास भ्रष्टाचार व गुणवत्ता के सवाल कड़े करता

सुरज वर्मा

भीलवाडा ज़िले के शाहपुरा में जनता को भारी वाहनों से निजात दिलवाने हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग (शाहपुरा,भीलवाडा) के द्वारा 30 करोड़ की लागत से निर्माण करवाया गया था जो शाहपुरा चारदीवारी से बाहर शाहपुरा टोल नाके से शुरू होकर जहाजपुर नेशनल हाईवे 148डी पर जोड़ता है जिसकी कुल बाईपास की लंबाई 10 किलोमीटर है लेकिन बाईपास के घटिया निर्माण कार्य के कारण अब शाहपुरा बाईपास भ्रष्टाचार व गुणवत्ता के कारण अधिकारीयों की पोल खोलता जनता सवाल उठा रहीं हैं कि क्या बरसात के शुरूवात के दौर में ही 30 करोड़ की लागत वाला बाईपास कुछ ही दिनों में जगह जगह बड़े-बड़े खड़ो में तब्दील कैसे हों गया जबकि सार्वजनिक निर्माण विभाग शाहपुरा के द्वारा अभी शाहपुरा बाईपास को 11अक्टूबर2025 को सरकार के अधीन करना था लेकिन उससे पहले ही प्रशासनिक अधिकारों पर सवाल खड़े कर दिए क्या इसी तरह सड़कों मे गुणवत्ता पाई जाती है मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा बाईपास का पूर्ण निर्माण करवाने के बजाए बाईपास के जगह जगह खड़े को भरकर रिपेयरिंग की जा रही है परंतु पूर्ण बाईपास का निर्माण नहीं करवाया जा रहा आखिर रिपेयरिंग करने से बाईपास फिर से कितने दिन और चलेगा

इनका कहना है सार्वजनिक निर्माण विभाग शाहपुरा के एक्सईएन नरेन्द्र चौधरी का कहना है कि निर्माण कार्य अभी बाकी हैं एक बार और रिपेयरिंग करके सरकार को अधीन कर दिया जायेगा

स्वयंसिद्धा राखी एवं तीज प्रदर्शनी - महिला उद्यमिता और परम्परा का सुन्दर संगम

जयपुर मे लघु उद्योग भारती महिला इकाई जगतपुरा द्वारा "स्वयंसिद्धा राखी एवं तीज प्रदर्शनी" का भव्य आयोजन 19 एवं 20 जुलाई को अक्षरधाम खंडेलवाल हॉल, अक्षय पात्र मंदिर के सामने, जगतपुरा, जयपुर में किया जा रहा यह प्रदर्शनी न केवल महिला सशक्तिकरण को समर्पित है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और "वोकल फॉर लोकल" जैसे अभियानों को भी प्रोत्साहित करती है। इसमें राजस्थान की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, राखियाँ, तीज की साज-सज्जा, परिधान, आभूषण एवं घरेलू उत्पाद महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में की मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम की महापौर सौम्या गुरूजर होंगी इस प्रदर्शनी का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी प्रतिभा को एक मंच देना तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

विद्युत निगमों की भर्ती में तकनीशियनों के 1947 पदों की वृद्धि

जयपुर, 17 जुलाई । राजस्थान सरकार ने राज्य के तीनों विद्युत वितरण निगमों में तकनीशियन-क्क्क (आईटीआई) के 1947 नवीन पदों के सृजन और उन्हें भरने की स्वीकृति प्रदान की है जिसके अनुसरण में राज्य के विद्युत निगमों में तकनीशियन-क्क्क (आईटीआई) के 216 पदों की प्रक्रियाधीन भर्ती में उक्त 1947 नये पदों को सम्मिलित करते हुए अब कुल 2163 पदों पर भर्ती हेतु राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा संशोधित विज्ञप्ति जारी की गई है। ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हार्वेस्ट कंपनी की डिजिटल करेंसी "एचवीटी" कॉइन ग्लोबल प्लेटफॉर्म एल बैंक पर हुआ लिस्टेड।

राजस्थान निवासी एवं यंग एंटरप्रेन्योर प्रिंस सैनी ने एक बार फिर से प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनके द्वारा चलाई जा रही हार्वेस्ट कंपनी एवं उसकी डिजिटल करेंसी को एक ग्लोबल पहचान मिली है। हार्वेस्ट कंपनी का डिजिटल कॉइन "एचवीटी" ग्लोबल सेल परचेज प्लेटफॉर्म एल बैंक पर लिस्ट हो चुका है और अब यह करेंसी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर आम जनता के लिए खरीद फरोख्त के लिए मौजूद है। हार्वेस्ट के फाउंडर डायरेक्टर प्रिंस सैनी ने बताया कि मैं और मेरी टीम लम्बे समय से इस प्रोजेक्ट पर लगे हुए थे। बहुत लंबे इंतजार के बाद हमारा डिजिटल कॉइन "एचवीटी" दुनिया के एल बैंक एक्सचेंज पर लिस्ट हो गया है। इस सफलता से मुझे मेरी टीम पर गर्व है और राजस्थान के युवाओं मे खुशी की लहर है। हार्वेस्ट कम्पनी के एचवीटी कॉइन लिस्टिंग के उपलक्ष्य मे राजस्थान के भोपालगढ़, जोधपुर, पाली, जैतारण, बर, ब्यावर, जयपुर एवं अन्य जगहों पर युवाओ ने पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की और प्रिंस सैनी को बधाई दी।

पंजाब नेशनल बैंक ने आयोजित किया मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम

झुंझुनू। सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम पंजाब नेशनल बैंक ने शहर के अंबेडकर भवन में अपना मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम संपन्न किया। कार्यक्रम में बैंक द्वारा 4 करोड़ 92 लाख के खुदरा ऋण का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जयदीप झाझडि?ा ने पंजाब नेशनल बैंक के अपने ग्राहको से जुड? के इस नए प्रयास की सराहना की और क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाने में बैंक के योगदान को सराहा। बैंक के प्रधान कार्यालय दिल्ली से आए सहायक महाप्रबंधक कमल कुमार लाधा ने बताया कि आज एक साथ पूरे देश में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 138 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक के द्वारा अपने खुदरा क्षेत्र के ग्राहकों के साथ जुड?ा और उनको बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना बताया गया है। बैंक के मंडल कार्यालय हनुमानगढ़ से पधारे उप मंडल प्रमुख सुधीर कुमार साहू ने औपचारिक तौर पर कार्यक्रम की शुरूआत की और बैंक की गृह ऋण, कार ऋण, शिक्षा ऋण, पेंशन ऋण एवं पीएम सूर्य घर योजना द्वारा सोलर रूफटॉप ऋण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ऋण वितरण के अलावा भी बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक मनीराम बुडानिया सहित अन्य सेवानिवृत स्टाफ और पेंशनभोगी ग्राहकों का सम्मान भी किया गया और लगभग डेढ़ सौ लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। मंडल कार्यालय से आए मुख्य प्रबंधक मोहम्मद आदिल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पवन पाराशर ने किया। जिले की विभिन्न शाखाओं से आए शाखा प्रबंधक मुकेश अलरिया, विकास श्योरान, प्रदीप कुमार, अमित कुमार, जितेन्द्र कुमार, दारा सिंह भैड़ा, समसा के मनोज झाझडि?ा, देवेन्द्र सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित रहे।

वैकल्पिक जल निकासी मार्ग चिन्हित करें, नए डायवर्जन की योजना बनाएं- बिरला

जयपुर, 16 जुलाई। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने बुधवार को कोटा शहर में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। स्पीकर बिरला सबसे पहले रानपुर पहुंचे जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेज बारिश से व्यापक फ्लैश फ्लड की स्थिति बनी थी। कुछ ही घंटों में 150 मिमी से अधिक वर्षा हुई, जिससे अधिकांश नालों में भारी प्रवाह और क्षमता से अधिक जलभराव हुआ।

बिरला ने अधिकारियों को कहा कि जलभराव के स्थायी समाधान के लिए बहु-विकल्पीय समाधान खोजे जाएं और प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत सर्वे कर प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने रानपुर तालाब और अलनिया क्षेत्र में जल को चम्बल नदी की ओर मोड़ने के लिए विशेष डायवर्जन की योजना पर भी चर्चा की।

बिरला ने अधिकारियों का कहा कि नालों की क्षमता बढ़ाई जाए, वैकल्पिक जल निकासी मार्ग चिन्हित कर शीघ्र कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने देवली अरब क्षेत्र की आवासीय कॉलोनि?ों में जलभराव से बार-बार होने वाली समस्या के समाधान के लिए नवीन डायवर्जन के निर्माण की योजना बनाने के निर्देश दिए।

बोरखंडी विद्यालय का किया निरीक्षण–

बोरखंडी राजकीय विद्याल में प्लास्टर गिरने की जानकारी मिलने पर स्पीकर बिरला ने विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने निगम के अधिकारियों से तुरंत विद्यालय की मरम्मत करने के निर्देश दिए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को बरामदे के निर्माण का प्रस्ताव बनाने के साथ जिले में ऐसे विद्यालय भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिए।

मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस–

लोकसभा अध्यक्ष ने निमोदा हरिजी पहुंचकर चम्बल नदी में तेज बहाव के कारण हुए हादसे के मृतकों के परिजनों से भी भेंट की। बिरला ने दिवंगत युवकों के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराएं, इसके साथ ही, उन्होंने जिला कलक्टर को हादसे की जांच को लेकर समिति गठित करने के निर्देश दिए।

दौरे में विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जिला कलक्टर पीयूष समारिया, लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता, केडीए आयुक्त हरफूल सिंह यादव पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासन एवं पुलिस के विभिन्न अधिकारी, महापौर राजीव अग्रवाल, जिला अध्यक्ष शहर राकेश जैन ग्रामीण प्रेम गोचर सहित अन्य उपस्थित रहे।

विधान सभा अध्यक्ष पहुंचे कोटा–
विधान सभा अध्यक्ष ने कोटा विश्वविद्यालय का अवलोकन किया ,

जयपुर, 17 जुलाई। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को कोटा विश्वविद्यालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने उनका पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

श्री देवनानी ने विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं तथा विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका आज केवल डिग्री तक सीमित नहीं बल्कि नवाचार, रोजगारोन्मुखी शिक्षा और समाज के प्रति उत्तरदायित्वपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है।

कुलगुरु प्रो. सारस्वत ने बताया कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ अनुसंधान, नैतिक मूल्यों तथा तकनीकी समावेशन की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय सतत विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।

इस अवसर पर कुलसचिव, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शोधार्थी एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बन रहा समृद्ध, सुरक्षित और विकसित
ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों को किया नेस्तनाबूत,
मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सहकारिता में देश के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल

– केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह

प्रधानमंत्री के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के मार्गदर्शन में देश रच रहा नए कीर्तिमान

जयपुर, 17 जुलाई। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत को समृद्ध, सुरक्षित और विकसित बना रहे हैं। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक और पहलगाम के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया और पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों को नेस्तनाबूत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को संदेश दिया कि भारतीय सीमा, सेना और नागरिकों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाए, वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं। श्री शाह गुरूवार को जयपुर के दादिया में सहकार एवं रोजगार उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरता, देश भक्ति और धर्म संरक्षण की भूमि है। इसने राणा सांगा, महाराणा प्रताप, वीर दुगार्दास राठौड़, रानी पद्मिनी, पन्नाधाय, भामाशाह जैसे व्यक्तित्वों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश के कृषि विकास में बड़ा योगदान दे रहा है। देश में ग्वार का 90 प्रतिशत से अधिक उत्पादन यहीं होता है। साथ ही, राजस्थान सरसों, बाजरा, तिहलन एवं मिलेट्स उत्पादन में भी देश में पहले स्थान पर है।

आयोग की सूचना पर एसओजी की कार्यवाही,

नकल गैंग के सहारे लिपिक ग्रेड-।। संयुक्त सीधी परीक्षा-2018 में चयनित लिपिक गिरफ्तार

जयपुर, 17 जुलाई। राजस्थान लोक सेवा आयोग की सूचना पर अनुसंधान पश्चात एसओजी के द्वारा आयोग में कार्यरत लिपिक गेड- प्रथम को गुरूवार को सांय 5 बजे आयोग कार्यालय से हिरासत में ले लिया। आरोपी कनिष्ठ सहायक/लिपिक गेड-द्वितीय संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2018 के अन्तर्गत चयन पश्चात लिपिक ग्रेड-द्वितीय के पद पर आयोग में नियुक्त हुई थी जो कि पदोन्नति पश्चात लिपिक ग्रेड-प्रथम के पद पर कार्य कर रही थी।

आयोग सचिव श्री रामनिवास मेहता ने बताया कि आरोपी सरोज विश्नोई पुत्री श्री रामस्वरूप पत्नी श्री धमार्राम निवासी- ग्राम- कुचौर अगुणी, तहसील- नोखा, जिला-बीकानेर है। आरोपी के कनिष्ठ सहायक/लिपिक गेड-द्वितीय संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2018 में ब्लूटूथ के माध्यम से नकल कर चयनित होने की जानकारी आयोग को गोपनीय माध्यमों से प्राप्त हुई थी। इस पर आयोग द्वारा 24 मार्च 2025 को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी जयपुर को इसं संबंध में सूचित किया गया। इसके परिणाम स्वरूप एसओजी द्वारा एफआईआर संख्या - 35/2025 धारा 420, 120बी भा.द.स. व धारा 4, 5, 6 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती मय अनुचित साधन का प्रयोग) अधिनियम 1992 एवं 66डी सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 के अन्तर्गत दर्ज कर अनुसंधान किया गया। प्रकरण में जांच दौरान पुलिस थाना एसओजी, जयपुर ने यह पाया कि सरोज बिश्नोई ने लिपिक ग्रेड -।। संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2018 (एलडीसी) की परीक्षा ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से नकल करके पास की थी। इसमें पौरव कालेर द्वारा उसके परिचित दिनेश सिंह व राजू मैट्रिक्स के साथ लीक पेपर नरेश दान से हल करवाया गया था। इसके उपरांत पौरव कालेर द्वारा हल प्रश्न पत्र आरोपी को ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से पढ़ाया गया।

परिणामस्वरूप उक्त भर्ती में नकल के माध्यम से सरोज चयनित हुई तथा परीक्षा प्रणाली की पवित्रता को भंग करते हुये पेपर के बदले में पौरव कालेर को मोटी रकम देकर ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से परीक्षा का पेपर हल कर अनुचित लाभ प्राप्त किया। इस पर आरोपी सरोज विश्नोई को अग्रिम कार्यवाही हेतु आयोग कार्यालय से एसओजी द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह राजस्थान सरकार की पीठ थपथपा रहे है जबकि प्रदेश में आज अपराध बेलगाम है

जयपुर, 17 जुलाई। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के जयपुर दौरे पर दिए गए वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह राजस्थान सरकार की पीठ थपथपा रहे है जबकि प्रदेश में आज अपराध बेलगाम है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है, बजरी माफिया बेखौफ होकर प्रदेश में अपराध कारित कर रहे है, पुलिसकर्मियों को गाड़ी से कुचला जा रहा है, पुलिस अधिकारियों की गाड़ियों को जलाया जा रहा है। हत्या, लूट, बलात्कार, अपहरण के अपराध प्रदेश को शर्मसार कर रहे है किन्तु प्रदेश सरकार को अपराधों पर लगाम लगाने की नसीहत देने की बजाए गृह मंत्री सरकार की पीठ थपथपा रहे है। उन्होंने कहा कि एसआई पेपर लीक प्रकरण में न्यायालय से सरकार को अनिर्णय के कारण लताड़ लग रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व भाजपा ने 2700 रुपये में बोनस देकर एमएसपी पर गेहूं खरीदने का वादा किया था जो पूरा नहीं हुआ

राजस्थान पुलिस का 'दो दिवसीय ऑपरेशन' सफल
(2 दिन में 80 हजार वाहन जांचे, करोड़ों का माल जब्त*'ए' श्रेणी की नाकाबंदी अभियान में

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान में अपराधों की कमर तोड़ने और आम नागरिक को भयमुक्त वातावरण देने के लिए महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस ने दो दिवसीय अभूतपूर्व अभियान चलाया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशासन एवं कानून व्यवस्था श्री विशाल बंसल की सीधी निगरानी में 15 और 16 जुलाई को राज्यभर में चली 'ए' श्रेणी की सघन नाकाबंदी ने अपराधियों में हड़कंप मचा दिया। एडीजी श्री बंसल ने गुरुवार को इस दो दिवसीय मेगा ऑपरेशन की सफलता का ब्यौरा देते हुए बताया कि पुलिस की इस मुस्तैदी से कानून का राज स्थापित हुआ है। राजस्थान पुलिस अपराधियों के हर मंसूबे को नाकाम करने के

लिए प्रतिबद्ध है। यह 'ए' श्रेणी नाकाबंदी केवल एक अभियान नहीं बल्कि अपराधियों के खिलाफ हमारी 'जीरो-टॉलरेंस' नीति का स्पष्ट संदेश है। हमने सुनिश्चित किया है कि कोई भी अपराधी बच न पाए और आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस करे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ऑपरेशन की चौंकाने वाली उपलब्धियां (15 जुलाई और 16 जुलाई 2025)

पुलिस की टीमों ने पूरे राज्य में 1519 नाकाबंदी पॉइंट स्थापित किए, जहां दिन-रात चेकिंग अभियान चलाया गया.

कुल जांचे गए वाहन

ड्ड दोपहियाः 32,102
ड्ड चार पहियाः 47,448

बड़ी संख्या में वाहन जब्त

ड्ड मोटर वाहन अधिनियम के तहत 3637 वाहन
ड्ड आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 106 के तहत 35 वाहन

चालान

ड्डदो दिवसीय अभियान में एमवी एक्ट के तहत 2428 चालान किए गए।

अवैध गतिविधियों पर सीधा प्रहार

ड्ड 23 एफआईआर आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज
ड्ड 79 एफआईआर आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज
ड्ड 25 एफआईआर एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज
ड्ड अन्य विशेष स्थानीय अधिनियमों के तहत 85 एफआईआर

गिरफ्तारियों की झड़ी

ड्ड एफआईआर मामलों में 193 व्यक्ति गिरफ्तार
ड्ड आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 170 के तहत 767 व्यक्ति गिरफ्तार
ड्ड कुल 960 व्यक्ति गिरफ्तार

राज्यभर में महत्वपूर्ण सफलताएं और बरामदगियां

ड्ड उदयपुर में एक मिनी ट्रक से लगभग 700 किलो चांदी के गहने जब्त किए गए, जो अहमदाबाद से जयपुर ले जाए जा रहे थे. तुरंत जीएसटी और इनकम टैक्स विभाग को सूचित किया गया।
ड्ड सीकर में पुलिस ने 35 लाख रुपये की नकदी के साथ 13 वाहन भी जब्त किए।
ड्ड झुंझुनू में एक इटिका कार में सवार सात व्यक्तियों से 19,49,500 रुपये जब्त किए गए।
ड्डपाली में 12.95 ग्राम एम.डी. ड्रग्स और 6.300 लीटर देशी शराब जब्त की गई।
ड्डप्रतापगढ़ में 2 देशी पिस्टल जब्त की गईं।
ड्डअन्य जिलों जैसे अलवर (140 वाहन जब्त), कोटा ग्रामीण (106 गिरफ्तार) और बीकानेर (560 एमवी एक्ट चालान) में भी बड़ी कार्रवाईयां हुईं। श्री बंसल ने इस सफल अभियान के लिए सभी पुलिसकर्मियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस अपराधियों के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखेगी ताकि प्रदेश में अमन-चैन कायम रहे और नागरिक सुरक्षित महसूस कर सकें।

मानव तस्करी पर राजस्थान पुलिस का कदम
(गृह मंत्रालय के निदेर्शों पर 18-19 जुलाई को होगा मंथन

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ लड़ाई में राजस्थान पुलिस एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के महत्वपूर्ण दिशा-निदेर्शों के क्रम में राजस्थान पुलिस मुख्यालय की सिविल राइट्स एवं एएचटी शाखा 18 जुलाई, 2025 से जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कर रही है। यह सम्मेलन शनिवार 19 जुलाई तक चलेगा।

महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स मालिनी अग्रवाल ने बताया कि यह अहम कदम गृह मंत्रालय, महिला सुरक्षा डिवीजन, भारत सरकार के उप सचिव (ढफ&अळउ) द्वारा जारी पत्र दिनांक 11 मार्च, 2024 और 16 जून, 2025 के अनुपालन में उठाया गया है। इन पत्रों में मानव तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और रणनीतियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया था, जिस पर गहन मंथन आवश्यक था। इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श करना है। इसमें तस्करी के बदलते स्वरूप, पीड़ितों की पहचान और बचाव, उनके पुनर्वास के तरीके, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर खास जोर दिया जाएगा।

यह सम्मेलन राज्य भर के पुलिस अधिकारियों और संबंधित हितधारकों के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। यहां वे अपने अनुभव साझा कर सकेंगे, चुनौतियों पर चर्चा कर सकेंगे, और मानव तस्करी को रोकने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी समाधानों पर मंथन कर पाएंगे। ऐसी उम्मीद है कि इस सम्मेलन से मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में नई रणनीतियाँ और ठोस कदम सामने आएंगे।

सम्मेलन का आयोजन महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल के नेतृत्व में हो रहा है। उनकी टीम इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी तरह से जुटी हुई है।

भाजपा की मीडिया कार्यशाला 18 को, सुधांशु का मिलेगा मार्गदर्शन

जयपुर, 17 जुलाई 2025। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शुरू हो रही कार्यशाला को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी और राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्टों, संभाग एवं जिला मीडिया संयोजकों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी पार्टी की विचारधारा, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की रणनीति पर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश स्तरीय मीडिया प्रतिनिधियों को संवाद के प्रभावशाली तरीकों से प्रशिक्षित करना है ताकि वे मीडिया के माध्यम से जनसम्पर्क को और अधिक सशक्त बना सकें। इस दौरान प्रवक्ताओं और संयोजकों से संवाद कर उनकी भूमिका और अनुभवों को भी साझा किया जाएगा। इस दौरान कार्यशाला में बताया ?जाएगा कि मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का कैसे प्रभावशाली उपयोग कर पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। इसके साथ ही कार्यशाला में जिलेवार मीडिया संयोजकों से क्षेत्रीय अनुभवों पर चर्चा कर भविष्य की कार्ययोजना भी तय की जाएगी।

भाजपा की यह कार्यशाला संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि दोपहर 4.00 बजे डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्न विषय पर विशेष कार्यशाला को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यशाला में समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रहेगी। इस सत्र में डॉ. त्रिवेदी ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्न के संवैधानिक, प्रशासनिक और सामाजिक पक्षों पर विस्तार से चर्चा करेंगे और इसके दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डालेंगे। इस विषय को लेकर जनता और बुद्धिजीवी वर्ग के बीच संवाद स्थापित करना भाजपा के विचार-प्रसार का एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा की ये दोनों कार्यशालाएं संगठनात्मक मजबूती और नीति संवाद के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रहेंगी।

राजस्थान पुलिस का अपराधियों पर सीधा वार ADG क्राइम दिनेश एम.एन. ने 2 कुख्यात फरार अभियुक्तों पर 1-1 लाख का इनाम किया

देश का दर्पण न्यूज
संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी

राजस्थान में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए राजस्थान पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा श्री दिनेश एम.एन. ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने दो कुख्यात एवं लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों श्यामसुंदर उर्फ सांवरिया उर्फ सांवरा विश्नोई और रमेश कुमार उर्फ रामलाल उर्फ अनिल कुमार विश्नोई की गिरफ्तारी पर प्रत्येक पर 1-1 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया है। एडीजी श्री एम.एन. ने गुरुवार को जारी किए अपने आदेश में स्पष्ट किया कि ये दोनों अभियुक्त कई संगीन आपराधिक मामलों में वांछित हैं और लगातार अपनी उपस्थिति छिपाकर पुलिस को चकमा दे रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए राजस्थान के विभिन्न जिलों और लगातार दबिश दे रही हैं। श्री एमएन ने बताया कि श्यामसुंदर उर्फ सांवरिया उर्फ सांवरा पुत्र लादूराम बिश्नोई निवासी सोंनगड़ी थाना सेड़वा जिला बाड़मेर के विरुद्ध 13 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिनमे थाना पिंडवाड़ा जिला सिरोही एवं थाना सेड़वा जिला बाड़मेर के एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में 4 साल से वांटेड है। आरोपी रमेश कुमार उर्फ रामलाल उर्फ अनिल कुमार पुत्र सोहनलाल विश्नोई निवासी शिवमंदिर नेडीनाड़ी थाना धोरीमन्ना बाड़मेर के विरुद्ध भी 13 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिनमे थाना धोरीमन्ना में फिरौती के लिए अपहरण, जानलेवा हमला, लूट के मामले में 7 साल से वांछित होकर भगोड़ा घोषित है।

सूचना देने पर मिलेगा भारी इनाम

एडीजी ने बताया कि जो भी व्यक्ति इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करेगा/करवाएगा या उनकी गिरफ्तारी के लिए सही और सटीक सूचना देगा, उसे प्रत्येक अभियुक्त के लिए 1,00,000/- रुपये (एक लाख रुपये) का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार का वितरण महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज, जोधपुर के माध्यम से किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि जोधपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पहले जारी की गई 50,000-50,000/- रुपये की घोषणा अब निरस्त मानी जाएगी।

कैथल में प्रारंभ हुआ आर्ट ऑफ लिविंग का तीन दिवसीय विशेष सत्र, सोनिया मिगलानी के मार्गदर्शन में मिल रहा जीवन को सकारात्मक दिशा देने का मंत्र

कैथल, 17 जुलाई (कृष्ण प्रजापति):



आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशेष सत्र का शुभारंभ आज नारायण सेवा केंद्र, कैथल में सोनिया मिगलानी के मार्गदर्शन में हुआ। यह सत्र 17 से 19 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया, ध्यान, प्राणायाम सहित कई आध्यात्मिक व व्यवहारिक गतिविधियाँ करवाई जा रही हैं, जो न केवल मानसिक शांति प्रदान करती हैं बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने में भी सहायक हैं। यह कार्यक्रम नारायण सेवा केंद्र, फ्रेंड्स कॉलोनी, गली नंबर 3, हनुमान वाटिका के पास, कैथल में आयोजित हो रहा है। शिविर में पहले ही दिन भारी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति देखने को मिली। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्मिक विकास व आंतरिक संतुलन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

थल में प्रारंभ हुआ आर्ट ऑफ लिविंग का तीन दिवसीय विशेष सत्र, सोनिया मिगलानी के मार्गदर्शन में मिल रहा जीवन को सकारात्मक दिशा देने का मंत्र

कैथल, 17 जुलाई (कृष्ण प्रजापति):

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशेष सत्र का शुभारंभ आज नारायण सेवा केंद्र, कैथल में सोनिया मिगलानी के मार्गदर्शन में हुआ। यह सत्र 17 से 19 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया, ध्यान, प्राणायाम सहित कई आध्यात्मिक व व्यवहारिक गतिविधियाँ करवाई जा रही हैं, जो न केवल मानसिक शांति प्रदान करती हैं बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने में भी सहायक हैं। यह कार्यक्रम नारायण सेवा केंद्र, फ्रेंड्स कॉलोनी, गली नंबर 3, हनुमान वाटिका के पास, कैथल में आयोजित हो रहा है। शिविर में पहले ही दिन भारी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति देखने को मिली। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्मिक विकास व आंतरिक संतुलन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। डॉ विवेक गर्ग ने आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन से फैसिलिटेटर सोनिया मिगलानी का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. दया गुप्ता, सतपाल मंगला, पंकज शर्मा एवं सोमनाथ आदि उपस्थित रहे।

नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 पुरस्कार समारोह का आयोजन–
राष्ट्रपति ने आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिले को किया राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित,
जयपुर ग्रेटर नगर निगम को मिला स्टेट मिनिस्ट्रियल अवार्ड

जयपुर, 17 जुलाई। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राज्य के आदिवासी बहुल जिले डूंगरपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में ह्यसुपर स्वच्छ लीग शहरह्न राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। इसी श्रृंखला में जयपुर ग्रेटर नगर निगम को भी स्वच्छता में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यो के लिए ह्यप्रॉमिसिंग स्वच्छ शहरह्न के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में गुरूवार को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से यह पुरस्कार राजस्थान के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डूंगरपुर नगर परिषद के सभापति श्री अमृत कलासुआ और आयुक्त भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री खर्रा ने कहा राजस्थान के आदिवासी बहुल शहर डूंगरपुर ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि का श्रेय नगर परिषद कार्मिकों और डूंगरपुर की जागरूक जनता को जाता है। उन्होने बताया कि डूंगरपुर को लगातार मिल रहे राष्ट्रीय पुरस्कार इसे स्वच्छता के क्षेत्र में राजस्थान का सबसे अग्रणी शहर बनाते हैं। इस बार भी डूंगरपुर राजस्थान का एकमात्र शहर है जिसे देश के 15 सुपर स्वच्छ लीग सिटीज में शामिल किया गया है।

जयपुर ग्रेटर नगर निगम को मिला ह्यप्रॉमिसिंग स्वच्छ शहरह्न का अवार्ड– समारोह में जयपुर ग्रेटर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर का अवार्ड केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर ने ग्रहण किया। श्रीमती सौम्या गुर्जर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में ग्रेटर नगर निगम जयपुर ने बेहतर प्रदर्शन किया है। निगम को रैकिंग में 16वें स्थान के साथ वाटर प्लस में भी सर्टिफिकेट मिला है। यह पहला मौका है, जब ग्रेटर निगम को वाटर प्लस सर्टिफिकेट मिला है। उन्होंने कहा कि वाटर प्लस में सर्टिफिकेट मिलने का अगले स्वच्छ सर्वेक्षण में फायदा मिलेगा।

तेज बारिश से हादसे का गड्ढा बना

देश का दर्पण. दैनिक अखबार
पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना

भरतपुर...शहर के यदुराज नगर मुख्य अछनेरा रोड पर सड़क के बीचों-बीच एक बड़ा और खतरनाक गड्ढा बन गया है, जो राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज बारिश के बाद बना यह गड्ढा इतना गहरा हो चुका है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। रात के समय तो स्थिति और भी भयावह हो गई है क्योंकि गड्ढा साफ नजर नहीं आता, जिससे दुपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। आसपास के लोगों ने अस्थायी रूप से गड्ढे के पास पेड़-पौधे डालकर किसी तरह चेतावनी देने की कोशिश की है, लेकिन यह समाधान स्थायी नहीं है। स्थानीय निवासी प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द इस गड्ढे की मरम्मत कराई जाए और सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए 2 बीघा जमीन दान दी

देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना

हलेना.... प्राथमिक केंद्र बिजवारी (पीएचसी) से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजवारी(सीएचसी) में क्रमोन्नत हुए हॉस्पिटल निर्माण के लिए जमीन नहीं मिलने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण नहीं हो पा रहा था,जिससे आस पास के गांवों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था जिसके लिए बिजवारी के स्वर्गीय गोरधन सिंह जी की पत्नी गायत्री देवी व उनके पुत्र सतवीर सिंह,अजीत सिंह (उपप्रधान भुसावर) ,प्रवीण सिंह (ॠर चेयरमैन) द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए 2 बीघा जमीन दान दी गई जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अपने ही क्षेत्र में मिल सके लोगो को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

दादिया में गुरुवार को सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन

जयपुर, 16 जुलाई। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को जयपुर के ग्राम दादिया में सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन होगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार शाम को सभा स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का विस्तृत जायजा लेकर अंतिम रूप दिया तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश प्रदान किए।

अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर राजकीय विधि महाविद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर का किया आयोजन

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 17 जुलाई। सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर राजकीय विधि महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें सचिव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय दिवस भी कहा जाता है, हर साल 17 जुलाई को मनाया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय है जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन करने के लिए बनाया गया है। नालसा, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत काम करता है। नालसा के मुख्य कार्य कानूनी सहायता प्रदान करना है। नालसा समाज के कमजोर वर्गों जैसे महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों, औद्योगिक कामगारों, विकलांग व्यक्तियों, हिरासत में लिए गए व्यक्तियों, और कम आय वाले व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करता है एवं नालसा विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन करता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सहायता प्रदान करना है। न्याय दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करना और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करना है जैसे घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज निषेध अधिनियम 1961, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधिनियम 1986 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निषेध) अधिनियम 1986, अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, 1971, दहेज निषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, मातृत्व लाभ अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या से जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी साथ ही सचिव ने पीड़ित प्रतिकर स्कीम, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 एवं नालसा व रालसा स्कीमों के बारे में बताया साथ ही सचिव रेखा यादव ने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों पर अत्याचार या उत्पीडन को रोकने के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम 1989 भारतीय संसद द्वारा पारित किया गया। भारत सरकार ने दलितों पर होने वालें विभिन्न प्रकार के अत्याचारों को रोकनें के लिए भारतीय संविधान की अनुच्छेद 17 के आलोक में यह विधान पारित किया। इस अधिनियम में छुआछूत संबंधी अपराधों के विरूद्ध दण्ड में वृद्धि की गई हैं तथा दलितों पर अत्याचार के विरुद्ध कठोर दंड का प्रावधान किया गया हैं। इस अधिनियम के अन्तर्गत आने वालें अपराध संज्ञेय गैरजमानती और असुलहनीय होते हैं। यह अधिनियम 30 जनवरी 1990 से भारत में लागू हो गया आदि के बारे में विस्तार से बताया

न्यूज फ्लैश

पुलिस थाना मुरलीपुरा द्वारा मोबाईल छीनने वाले शक्स वसीम व इरफान उर्फ अरसद को किया गया गिरफतार

देश का दर्पण न्यूज

श्री अमित कुमार, आईपीएस पुलिस उपायुक्त महोदय जिला जयपुर पश्चिम के द्वारा जिला जयपुर पश्चिम में बढ़ती हुई नकबजनी, चोरियों व स्नैचिंग के मध्यनजर सम्पति संबंधी अपराधो की रोकथाम हेतु सम्पति संबंधी अपराधियो की धरपकड एवं संदिग्धों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निदेशी की पालना में श्री आलोक सिंघल आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम व श्री सुरेन्द्र सिंह राणावत, आरपीएस, सहायक पुलिस आयुक्त वृत झोटवाड़ा जिला जयपुर पश्चिम के सुपरविजन में श्री वीरेन्द्र कुरील, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी पुलिस थाना मुरलीपुरा जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जाकर शीघ्र ही मोबाईल छिनने की वारदात करने वाले मुल्जिमों की दस्तयाबी व माल मशरूका बरामद करने के निर्देश दिये गये। थाना हाजा पर दर्ज प्रकरण संख्या 328/25 धारा 304 (ए) बीएनएस में मोबाईल स्नैचिंग के आरोपियों की तलाश व मोबाईल फोन को बरामद करने के लिए करीबन 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेजों का अवलोकन किया गया तो दो अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति का मोटरसाईकिल पर आना दिखाई दिया, जिनका पीछा किया गया तो उक्त व्यक्तियों का रोड़ नम्बर 9 श्रीनिवास नगर की तरफ जाना ज्ञात हुआ जिनका स्पेशल टीम द्वारा 3 किमी तक लगातार नजर रखते हुए पीछा कर बमुश्किल मुल्जिमों को दस्तयाब किया व बाद पूछताछ गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल व 03 एन्ड्रॉयड मोबाईल बरामद किये गये।

03 .34 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

श्री आनन्द शर्मा (आईपीएस) उप-महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर श्री अजयपाल लांबा आईपीएस के निर्देशन में अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर जिला जयपुर ग्रामीण में युवा पीढी में बढ़ते हुए नशे की प्रवृति को देखते हुए नशे की रोकथाम हेतु तथा अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां आरपीएस के निर्देशन में ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में भी अभियान के तहत कार्रवाईयां करते हुए कई नशा कारोबारियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, नशीली दवाईयां व अवैध शराब जप्त की गई थी। इसी क्रम में दिनांक 17 .07 .2025 को वृत्ताधिकारी शाहपुरा श्री मुकेश चौधरी के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी अमरसर श्री अरूण सिंह उप निरीक्षक मय जाप्ता के नेतृत्व में ईलाका थाना अमरसर में कार्यवाही हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन कर दिनांक 17 .07 .2025 को कानपुरा बस स्टेण्ड राडावास से एक नशा कारोबारी दीपक कुमार शर्मा पुत्र मालीराम निवासी माजीपुरा पुलिस थाना अमरसर जिला जयपुर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक वजन 03 .34 ग्राम जप्त कर मल्जिम दीपक के विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है जिसमें श्री हेमराज पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी शाहपुरा द्वारा अनुसंधान जारी है।

अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ मुल्जिमान सम्पति अटोलिया व पिंकी सांसी को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री अमित कुमार आई.पी.एस. ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के परिवहन व बिक्री की रोकथाम तथा अपराधियों की धरपकड हेतु पुलिस मुख्यालय राजस्थान के चलाये जा रहे अभियान के तर्ज पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस आयुक्तालय जयपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत शिकायतों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड हेतु जिला जयपुर पश्चिम के सभी थानाधिकारियो को विशेष दिशानिर्देश दिये गये थे। जिनकी पालना में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री आलोक सिंघल व सहायक पुलिस आयुक्त वृत चौमू श्री अशोक कुमार चौहान के निर्देशन मे एवं थानाधिकारी पुलिस थाना हरमाडा श्री उदयभान के नेतृत्व में थाना हाजा पर पदस्थापित उप निरीक्षक स्नेहलता गठित टीम द्वारा दौराने गश्त निगरानी बदमाशान भारतनगर कची बस्ती नींदड रोड मुल्जिमान सम्पति अटोलिया व पिंकी सांसी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल वजन 48 ग्राम को जब्त कर मुल्जिमान सम्पति अटोलिया व पिंकी सांसी को हस्बकायदा गिरफ्तार कर थाना हरमाडा पर अभियोग संख्या 367/2025 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

न्यूज फ्लैश

राजकीय इंटर कालेज लखिया कला, बलहा में रळएट लैब के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच की नई उड़ान

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट

द हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित हंश वृक्ष एजुकेशन प्रोग्राम के अन्तर्गत राजकीय इंटर कॉलेज लखिया कला में स्थापित रळएट लैब (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित की प्रयोगशाला) बच्चों के लिए शिक्षा का एक नया और जीवंत माध्यम बन गई है। इस प्रयोगशाला के माध्यम से छात्र- छात्राएं केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहकर नवाचार, प्रयोग और खोज के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।इस अत्याधुनिक रळएट लैब में बच्चों ने अब तक टेलीस्कोप, चुंबकीय कार, वृत्तीय गति के मॉडल, सेंसर आधारित मेट्रो ट्रेन मॉडल जैसे कई विज्ञान और तकनीक आधारित मॉडल स्वयं तैयार किए हैं। इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल को निखार रहे हैं। बच्चों को इस लैब में कार्य करने के दौरान ट्यूटर अभिषेक कुशवाहा, अंशुमान मिश्रा, अजय कुमार निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, जो उन्हें हर स्तर पर सहयोग और प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, इस सम्पूर्ण कार्यक्रम की देखरेख और मेंटरशिप की भूमिका में श्वेता सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर आशुतोष त्रिपाठी, शुभम सिंह, राजित राम एवं अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे हंश वृक्ष एजुकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत स्थापित यह रळएट लैब ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और तकनीक की दुनिया से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। यह पहल न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ा रही है, बल्कि उन्हें भविष्य में वैज्ञानिक, इंजीनियर और नवप्रवर्तक बनने की दिशा में भी प्रेरित कर रही है।

आम आदमी पार्टी का स्कूल बचाओ अभियान तेज, खसहा मोहम्मदपुर में किया विरोध प्रदर्शन

बहराइच से संवाददाता अहमद हुसैन की रिपोर्ट

जनपद बहराइच में आम आदमी पार्टी द्वारा चलाया जा रहा "स्कूल बचाओ अभियान" लगातार जोर पकड़ता जा रहा है। तपती धूप और गर्मी की परवाह किए बिना पार्टी के कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर बंद किए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों को बचाने के लिए जनजागरूकता फैला रहे हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष फिरोज हैदर और बस्ती प्रभारी अनुज पाठक के नेतृत्व में टीम 16/07/2025 को टेपरा टेपरी प्राथमिक विद्यालय, खासाहा मोहम्मदपुर, ब्लॉक तेजवापुर, विधानसभा महसी का दौरा किया। यह विद्यालय उन स्कूलों में शामिल है जिन्हें बंद करने की प्रक्रिया में रखा गया है।

दल ने मौके पर पहुँचकर बच्चों और अभिभावकों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार से अपील की कि शिक्षा के इस मंदिर को बंद न किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल गरीब और निम्न वर्ग के बच्चों की शिक्षा का एकमात्र सहारा हैं और इन्हें बंद करना शिक्षा के अधिकार के खिलाफ है। जिलाध्यक्ष फिरोज हैदर ने कहा कि "यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो आम आदमी पार्टी जन आंदोलन करने को मजबूर होगी।" वहीं अनुज पाठक ने कहा कि "स्कूल बंद करने का निर्णय गरीब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। हम इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।" पार्टी कार्यकताओं ने विद्यालय के बाहर विरोध दर्ज कराते हुए सरकार को चेतावनी दी कि यदि स्कूल बंद किए गए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने भी एकजुटता दिखाते हुए आम आदमी पार्टी के अभियान का समर्थन किया और अपने बच्चों की शिक्षा बचाने की माँग की।

सहकार एवं रोजगार उत्सव आयोजित, 115 नव नियुक्त युवाओं को मिली वेलकम किट, नव नियुक्तियों को सेवा में निष्ठा का संदेश, सहकार एवं रोजगार उत्सव हुआ आयोजित

देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 17 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संकल्पबद्ध प्रदेश सरकार सहकारिता एवं युवाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है। इसी विजन के तहत अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में पूरे राजस्थान में सहकार एवं रोजगार उत्सव आयोजित किया गया।

इस क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद धौलपुर के टाउन हॉल में आयोजित हुआ, जो जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वर्चुअली जुड़ा रहा। जयपुर के राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। धौलपुर के कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी, बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, सहकारिता उप रजिस्ट्रार सत्येंद्र मीना, नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा जिले के 115 नव नियुक्त कार्मिकों का अभिनंदन। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी नवचयनित कर्मियों को वेलकम किट प्रदान कर शुभकामनाएं दीं

बारिश के मौसम नदी, रपटो आदि पर स्टंट, रील आदि बनाने वालों पर धौलपुर पुलिस की सख्ती, सैंपऊ थाना पुलिस ने पार्वती नदी पर स्टंट, रील, सेल्फी बनाते हुए 07 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 17 जुलाई।

जिले में बारिश के मौसम में नदी, तालाब, रपटो एवं जलभराव के स्थानों पर अपनी जान जोखिम में डालकर स्टंट, रील, सेल्फी आदि लेने वालें असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्ती शुरू कर दी है, पुलिस एवं प्रशासन बार बार लोगों को इस प्रकार के कृत्य नहीं करने की एडवाइजरी जारी कर रहा है लेकिन अब जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुमित मेहरडा ने ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है पानी में डूबने से लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए पुलिस ने गैर जिम्मेदार एवं लापरवाह लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना शुरू कर दिया हैथानाधिकारी थाना सैपऊ श्री वीरेन्द्र मीणा के नेतृत्व में थाना पुलिस ने पार्वती नदी पर बाइक से स्टंड करने के साथ सेल्फी, फोटो, रील बनाने के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा पार्वती नदी पर की गई कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया। थाना अधिकारी वीरेंद्र सिंह मीणा ने बताया बारिश की वजह से नदियां, तालाब, झरना सभी उफान पर जिले में हो रहे हैं। इसके बावजूद कुछ लापरवाह लोग पानी से खिलवाड़ करने पहुंच जाते हैं। बाइक से स्टंड करते हैं। सेल्फी फोटो, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर रील अपलोड करते हैं। इससे आए दिन जिला सहित प्रदेश में हादसे देखने को मिल रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा पानी से हो रहे हादसों से बचने के लिए एडवाइजरी जारी कर अपील भी की जा रही है। उसके बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर खतरे से खिलवाड़ कर रहे है। लापरवाह लोगों के खिलाफ पुलिस ने अब सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। पार्वती नदी पर बाइक से स्टंट, सेल्फी फोटो एवं वीडियो बनाने वाले शिवदयाल, करण सिंह, विजय सिंह, रामकुमार, बंटी, मुकेश कुमार एवं गोवर्धन सिंह को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने दो बाइक भी जब्त की है। उन्होंने बताया है कि आगे भी नदी तालाबों पर पानी से खिलवाड़ करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

रावला घाट के सामने गली में चोरी, पुलिस की सतर्कता से बरामद हुई लोहे की पेटी

सुरज वर्मा

शाहपुरा शहर के रावला घाट के सामने गली में एक मकान से चोरी की वारदात सामने आई है, जिसमें अज्ञात चोर लोहे की पेटी चुरा कर फरार हो गए। पेटी में नकद राशि और आभूषण रखे होने की बात सामने आ रही है।चोरी की सूचना मिलते ही शाहपुरा थाने के पुलिस जवान बनवारी कुमावत तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की तलाशी ली। इसी दौरान पास ही स्थित एक खंडहर में छिपाकर रखी गई लोहे की पेटी बरामद कर ली गई।पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से चोरी गया सामान समय रहते बरामद कर लिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोर की पहचान में जुटी है।

जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस-2025 समारोह के आयोजन की तैयारियों के निमित्त बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सिवान,17 जुलाई 2025, गुरुवार को

जिला पदाधिकारी, सिवान डॉ आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस 2025 समारोह के आयोजन से संबंधित तैयारियों के निमित्त बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण पूर्ण वातावरण में संपन्न किया जाएगा। मुख्य राजकीय समारोह गांधी मैदान सिवान में आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थल पर मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण 9:00 बजे पूर्वाह्न में किया जाएगा। समाहरणालय सिवान परिसर में 10:00 बजे पूर्वाह्न में, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सिवान में 10:15बजे पूर्वाह्न में ,अनुमंडल कार्यालय सिवान में 10:25 पूर्वाहन में,जिला परिषद सिवान में 10:40 बजे पूर्वाह्न में, बिहार गृह रक्षा वाहिनी सिवान में 10:50 बजे पूर्वाह्न में, पुलिस लाइन मैदान सिवान में 11:05 बजे पूर्वाह्न में तथा इसके पश्चात महादलित टोलों

में ध्वजारोहण हेतु आयोजित कार्यक्रम में जिलास्तरीय/अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारीगण सम्मिलित होंगे। पूर्व वर्षों की भांति सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी जिला के विभिन्न महादलित टोलों में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे।

मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान में ध्वजारोहण कार्यक्रम का ॐ२३१ृ३ ॅल्लि२३१ॅ३ङ्गल्ल रॅ६ल्ल के फेसबुक पेज पर वेबकास्टिंग के जरिए लाइव करने हेतु जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सिवान को जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया।

होम्योपैथी निदेशक डा. अरविंद कुमार वर्मा निलम्बित

लखनऊ। प्रदेश के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर दयालु ने होम्योपैथी विभाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए होम्योपैथी के निदेशक डा. अरविंद कुमार वर्मा को निलम्बित ?कर दिया है। पिछले दिनों विभाग में हुए तबादलों पर अनियमितता के आरोप लगे थे। इसके बाद आयुष मंत्री ने विभाग में हुए सभी तबादलों को निरस्त कर दिया था।

मनरेगा योजना सहित विभिन्न कार्यों पर गहन समीक्षा बैठक ...

सीवान संवाददाता मसरूर अहमद

सीवान जिले के उप विकास आयुक्त-सह-अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक, श्री मुकेश कुमार,की अध्यक्षता में मनरेगा योजना के विभिन्न आयामों यथा-खेल मैदान, आधार सीडिंग, आधार बेस्ड पेमेंट, जीरो अटेंडेंस मॉस्टर राल, योजना पूर्णता, ससमय मजदूरी भुगतान, लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2025-2026 में वृक्षारोपण के कार्यों पर गहन समीक्षा बैठक की गयी।

उक्त बैठक में अब्दुल मनान अंसारी, पंचायत तकनीकी सहायक, महाराजगंज, देव कुमार, पंचायत रोजगार सेवक, पचरूखी, सुधीर कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक, पचरूखी, रितेश राज, कनीय अभियंता, पचरूखी, श्री प्रभात झा, कार्यक्रम पदाधिकारी सीवान सदर, श्री अरविंद कुमार, कनीय अभियंता, हुसैनगंज, श्री कृष्णा कुमार, पंचायत रोजगार सेवक, दरौली, अमरजीत यादव, पंचायत रोजगार सेवक, गुठनी श्री विजय कुमार, कनीय अभियंता, गुठनी अनुपस्थित पाये गये। निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, डी०आर०डी०ए०, सीवान को निदेश दिया गया कि संबंधित अनुपस्थित पदाधिकारियों/कर्मियों का उक्त तिथि का मानदेय अवरूद्ध रखते हुए कारण पृच्छा करें। तत्पश्चात बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रति पंचायत 12 वृक्षारोपण का योजना का लक्ष्य विभाग से निर्धारित है, इसी के अनुरूप कार्य करने का निदेश दिया गया। साथ ही खेल मैदान के निर्माण के प्रगति की समीक्षा में प्रखण्ड- मैरवा, गुठनी, जिरादेई, लकड़ीनवीगंज, हुसैनगंज, महाराजगंज, नवतन, पचरूखी, सिसवन एवं सीवान सदर के प्रखण्डों का प्रगति असंतोषप्रद होने पर संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।शून्य उपस्थिति भरे गये मॉस्टर रॉल के समीक्षा में पाया गया कि प्रखण्ड- मैरवा, गुठनी, लकड़ीनवीगंज, नवतन एवं पचरूखी में जारी किये गये मजदूरों के मॉस्टर रॉल को शून्य भरा गया है। उक्त के संबंध में संबंधित पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। योजना पूर्णता के प्रगति के समीक्षा में पाया गया कि प्रखण्ड- रघुनाथपुर, सिसवन, हसनपुरा, लकड़ीनवीगंज, सीवान सदर, गोरेयाकोठी एवं हुसैनगंज के पंचायत रोजगार सेवक एवं कार्यक्रम पदाधिकारियों से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। उक्त बैठक में निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, डी०आर०डी०ए० एवं सभी प्रखण्डों के कार्यक्रम पदाधिकारी, लेखापाल, पंचायत तकनीकी सहायक तथा कार्यपालक सहायकों ने भाग लिया।

भूले-बिसरे कोनों में उजाला: एएमपी ने मधुबनी के सुदूर गांव में छात्राओं के लिए पहला करियर गाइडेंस

परसौनी, मधुबनी` 14 जुलाई 2025:

एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (एएमपी) ने जामिया उम्मुल हुदा, परसौनी में मधुबनी जिले का पहला करियर गाइडेंस सेमिनार सफलता पूर्वक आयोजित किया। यह पहल वंचित युवाओं को उज्जवल भविष्य के लिए सही मार्गदर्शन देने के एएमपी के मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ईंट की खुली दीवारों और न्यूनतम सुविधाओं वाले साधारण कमरे में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। बुनियादी क्लासरूम सुविधाओं की कमी के बावजूद, उनकी एकाग्रता और सीखने की लगन ने उनके अडिग जज्बे को साबित किया।

कार्यक्रम का विषय ह्लस्किल डेवलपमेंट कोर्सेज के माध्यम से करियरह्व था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण वंचित पृष्ठभूमि की छात्राओं को व्यावहारिक, मार्केट-रेडी स्किल्स से परिचित कराना था।

इस अवसर पर एएमपी बिहार स्टेट हेड, रेयाज आलम ने कहाःह्लयह कार्यक्रम हमें याद दिलाता है कि एएमपी का अस्तित्व क्यों है। शिक्षा के लिए भव्यता नहीं, अवसर चाहिए। इन बच्चियों की लगन और उम्मीदें हमें प्रेरित करती हैं कि हम हर गांव, हर कोने तक पहुंचें।कार्यक्रम के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि बिहार के सुदूर इलाकों में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार

आयोजित किये जाएंगे ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा और सशक्तिकरण की यात्रा में पीछे न रह जाए।ह्लहम उन लोगों तक पहुंचने और उन्हें संबल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिन्हें दुनिया अक्सर भूल जाती है। हमारा मिशन हर कोने में उम्मीद और आत्मविश्वास के बीज बोना है।ह्व झ्र एएमपी प्रतिनिधियों ने कहा।

पाकिस्तान में मानसूनी बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 116 की मौत

एजेंसी

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि देश में मानसून की भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ ने 26 जून से अब तक 116 लोगों की जान ले ली है। इसके अलावा, 253 लोग घायल हुए हैं। एनडीएमए की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित घटनाओं में 5 और लोगों की मौतें हुई हैं, जबकि 41 लोग घायल हुए हैं। अनुसार, सबसे ज्यादा 44 मौतें पूर्वी पंजाब प्रांत में हुई हैं। इसके बाद उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में 37, दक्षिणी सिंध में 18 और दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान में 16 मौतें दर्ज की गई हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में 1 मौत हुई और 5 लोग घायल हुए, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान और इस्लामाबाद में कोई हताहत नहीं हुआ है। एजेंसी ने पाकिस्तान के कई राज्यों के लिए मौसम संबंधी चेतावनी जारी की है। एनडीएमए के मुताबिक, पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के कुछ हिस्सों में गुरुवार तक भारी बारिश और बाढ़ की आशंका जताई गई है। पिछले सप्ताह प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने खैबर पख्तूनख्वा में 11 से 17 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान जताया था, जिससे बाढ़ का खतरा और भी बढ़ सकता है। पाकिस्तान में मानसून जून से सितंबर तक रहता है और हर साल भारी बारिश से बाढ़, भूस्खलन और विस्थापन होता है।

सीरिया पर इजरायली एयर स्ट्राइक की निंदा में मध्य पूर्वी देश एकजुट

अम्मान । जॉर्डन, कतर, ईरान, कुवैत और सऊदी अरब सहित कई मध्य पूर्वी देशों ने सीरिया के दक्षिणी शहर स्वैदा के पास सीरियाई सैन्य काफिलों पर इजरायली एयर स्ट्राइक की कड़ी निंदा की है। जारी एक संयुक्त बयान में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बताया उन्होंने सेना को सीरियन फोर्स और हथियारों पर 'तत्काल हमला' करने का आदेश दिया है, ताकि सीरियाई शासन को ड्रूज समुदाय पर नुकसान पहुंचाने से रोका जा सके। सीरिया पर इजरायली हमले की निंदा करते हुए, जॉर्डन के विदेश और प्रवासी मंत्रालय ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और सीरिया की स्थिरता, संप्रभुता और सुरक्षा को निशाना बनाने वाला एक खतरनाक हमला बताया।जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने कहा, 'मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता, राजदूत सूफियान अल-कुदाह ने इन हमलों को तुरंत रोकने और सीरिया जैसे सहयोगी राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करने पर जोर दिया है। राजदूत ने सीरिया, उसकी सुरक्षा, स्थिरता, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और उसके नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सऊदी अरब के रुख और पूर्ण एकजुटता को दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि सीरिया की सुरक्षा और स्थिरता क्षेत्रीय स्थिरता की आधारशिला है।'

हिंसक झड़पों के बीच गोलान हाइट्स के ड्रूज नागरिक दक्षिणी सीरिया में दाखिल हुए

यरूशलम । ड्रूज लड़ाकों और सीरियाई अंतरिम सरकार के बलों के बीच हिंसक झड़पों के बीच इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स से दर्जनों ड्रूज नागरिक दक्षिणी सीरिया में दाखिल हो गए हैं। इजरायली सूत्रों ने यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, इजरायल की सेना ने कहा कि सैनिक इन नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए ऑपरेशन चला रहे हैं। ये लोग इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में मौजूद मजदल शम्स से सीरिया के दक्षिणी हिस्से में स्थित द्रुज गांव में गए थे।इजरायल के आर्मी रेडियो के मुताबिक, यह घटना लेबनान के ड्रूज समुदाय द्वारा सोशल मीडिया पर सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में अपने समुदाय के समर्थन में की गई अपील के बाद हुई। इजरायल ने मंगलवार को स्वेदा शहर और उसके आसपास सीरियाई सेना के काफिलों पर हवाई हमले किए, जिसमें कई सैनिक मारे गए और घायल हुए। इससे स्थानीय ड्रूज सशस्त्र समूहों, बेडौइन जनजातियों और सीरियाई अंतरिम सरकार की सेनाओं के बीच चल रही झड़पें और तेज हो गईं। ड्रूज एक धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यक समुदाय है, जो इस्लाम से उत्पन्न हुआ है और मुख्य रूप से सीरिया, लेबनान, इजरायल और जॉर्डन में रहता है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने स्वेदा क्षेत्र में सीरियाई सेना और हथियारों पर हमले का आदेश दिया है, क्योंकि सीरियाई सरकार इनका इस्तेमाल ड्रूज समुदाय के खिलाफ करने की योजना बना रही थी।

जॉन टोरोड को नस्लवादी भाषा का इस्तेमाल करना पड़ा भारी, बीबीसी के शो 'मास्टरशेफ' से बाहर

लंदन। मशहूर शेफ जॉन टोरोड अब बीबीसी के चर्चित कार्यक्रम (शो) मास्टरशेफ में नजर नहीं आएंगे। उन्हें शो के प्रस्तोता पद से बर्खास्त कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई-ब्रिटिश सेलिब्रिटी शेफ और टेलीविजन एंकर टोरोड पर नस्लवादी भाषा का इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप लगा है। द गार्डियन के अनुसार, टोरोड की अब इसमें वापसी की संभावना क्षीण हो गई है। इस शो की निर्माता कंपनी बनिजय यूके ने साफ किया है कि टोरोड पर लगे आरोप गंभीर हैं। इसलिए उनके अनुबंध को आगे बढ़ाया नहीं जा सकता। हालांकि जॉन टोरोड इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। ऑस्ट्रेलिया में जन्मे 59 वर्षीय शेफ टोरोड ने सोमवार शाम माना था कि वह ऐसे एक आरोप का सामना कर रहे हैं।

ट्रंप का पूरा जोर टेक्सास पर, कांग्रेस में मजबूत स्थिति के लिए जीतना चाहते हैं पांच सीट

एजेंसी

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस समय सबसे बड़ी चिंता कांग्रेस में रिपब्लिकन की मजबूत स्थिति को बरकरार रखना है। उन्होंने पार्टी के सामने टेक्सास की पांच सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। ट्रंप ने कहा कि यह असंभव नहीं है। अगर मेहनत की जाए तो पार्टी पांच सीटें जीत सकती है।एनबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, इस समय रिपब्लिकन का टेक्सास के 38 कांग्रेसी जिलों में से 25 पर नियंत्रण रखते हैं। ट्रंप अगले सप्ताह के विशेष विधायी सत्र में पांच और सीटें बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। उनका फोकस दक्षिण टेक्सास के दो जिले हैं। यहां डेमोक्रेटिक प्रभावी हैं। पिछले साल ट्रंप ने प्रतिनिधि हेनरी क्यूएलर के जिले में 7 अंकों और प्रतिनिधि विसेंट गोंजालेज के जिले में 4

अंकों से बढ़त हासिल की थी। क्यूएलर ने अपनी सीट 6 अंकों से कम अंतर से जीती, जबकि गोंजालेज ने 3 अंकों से कम अंतर से। डेमोक्रेटिक जिलों में रिपब्लिकन मतदाताओं को लुभाने की कोशिश से रिपब्लिकन-नियंत्रित जिलों में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की संभावना है। ट्रंप ने गवर्नर ग्रेग एबॉट पर इसके लिए दबाव बनाया है। स्टीव कोर्नैकी ने हाल ही में उल्लेख किया है राष्ट्रपति की पार्टी ने पिछले 15 मध्यावधि चुनाव में से 13 में हाउस सीटें गंवाई हैं। सेन जॉन कॉर्निन को राज्य के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन से रिपब्लिकन प्राइमरी में चुनौती मिल रही है। एक्स पोस्ट में उन्होंने तर्क दिया, टेक्सास में हिस्पैनिक मतदाता तेजी से रिपब्लिकन के पक्ष में आ गए हैं। टेक्सास रिपब्लिकन को इसका बड़ा फायदा मिल सकता है। डेमोक्रेट और कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम 2028 के राष्ट्रपति पद के संभावित दावेदार हैं। उन्होंने टेक्सास में रिपब्लिकन के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए अपने राज्य के नक्शे को फिर से बनाने का प्रस्ताव भी रखा है। डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी की अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजैन डेलबेने ने कहा कि बहुमत खोने की आशंका से रिपब्लिकन नए-नए तरीके खोज रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में कांग्रेस संघीय सरकार की विधायी शाखा है। वह कानून बनाने का काम करती है। यह दो सदनों में बंटी है। एक है प्रतिनिधि सभा और दूसरी सीनेट।

ब्रिटेन ने गुप्त पुनर्वास योजना के तहत हजारों अफगानों को दी शरण, डेटा लीक के बाद उठाया कदम

एजेंसी

लंदन। ब्रिटिश सरकार ने खुलासा किया कि तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद, हजारों अफगान नागरिकों को, जिनमें कई ब्रिटिश सेना के साथ काम कर चुके हैं, एक गुप्त पुनर्वास योजना के तहत ब्रिटेन में बसाया गया है। यह कदम 2022 में लगभग 19,000 अफगानों की पहचान से जुड़ा डेटा लीक हो जाने के बाद संभावित खतरों को देखते हुए उठाया गया था। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने संसद में कहा कि इस योजना को लेकर पार्लियामेंट और जनता के प्रति पारदर्शिता की कमी मुझे हमेशा से परेशान करती रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस लीक की वजह से तालिबान द्वारा इन अफगानों के खिलाफ प्रतिशोध का खतरा पैदा हो गया था। दरअसल, रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी की ईमेल त्रुटि के चलते एक स्प्रेडशीट लीक हो गई थी, जिसमें 19000 अफगानों की व्यक्तिगत जानकारी थी। इसके कुछ अंश ऑनलाइन सार्वजनिक भी हो गए। तब उस समय की कंजर्वेटिव सरकार ने हाई कोर्ट से सुपर इंजंक्शन हासिल किया। सुपर इंजंक्शन का मतलब होता है एक ऐसा आदेश जो किसी चल रहे कानूनी मामले की न केवल रिपोर्टिंग पर रोक लगाता है, बल्कि यह भी गोपनीय रखता है कि कोई आदेश जारी हुआ है। ऐसे में अब लेबर सरकार ने यह गोपनीय योजना सार्वजनिक करने का फैसला किया है और सुपर इंजंक्शन को समाप्त कर दिया गया है। सरकार ने बताया कि एक स्वतंत्र समीक्षा में यह निष्कर्ष निकाला गया कि डेटा लीक के कारण अफगान नागरिकों को असामान्य खतरे का सामना नहीं करना पड़ा है।

ताइवान में चीन की सैन्य हलचल बढ़ी

एजेंसी

ताइपे (ताइवान)। ताइवान का स्वतंत्र राष्ट्र होना चीन को फूटी आंख नहीं सुहाता। उसकी हरचंद कोशिश है कि ताइवान चीन का हिस्सा बने। वह लंबे समय से इस कोशिश में लगा हुआ है। ताइवान के आसपास चीन के लड़ाकू विमान मंडराते रहते हैं। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह देश के हवाई और जल क्षेत्र में चीन की सैन्य गतिविधियां देखी गई।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने एक्स पोस्ट में कहा कि आज सुबह 6:00 बजे (स्थानीय समय) चीन के 18 सैन्य विमान, सात नौसैनिक जहाज और दो आधिकारिक जहाज देखे गए। 18 सैन्य विमानों में से छह मध्य रेखा को पार कर देश के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश कर गए। चीन की कार्रवाई के जवाब में सशस्त्र बलों ने सैन्य विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय मिसाइल प्रणालियां तैनात कीं। रक्षा मंत्रालय ने एक अन्य एक्स पोस्ट में कहा कि मंत्री वेलिंगटन कू ने कल रात रन-वे की मरम्मत में जुटे सैनिकों का कुशलक्षेम जानने के लिए हुआलिएन का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि

कल (15 जुलाई) भी चीन के सैन्य विमानों ने ताइवान में घुसपैठ की थी। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा था कि सुबह ताइवान के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों, सात नौसैनिक जहाजों और एक आधिकारिक जहाज को सक्रिय होते देखा गया। चीन के 26 सैन्य विमानों में से 21 ने उल्लंघन कर ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। इससे पहले 12 जुलाई को भी चीन ने ताइवान में घुसपैठ की थी। तब ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि ताइवान के आसपास चीन के 14 सैन्य विमानों, नौ नौसैनिक जहाजों और एक आधिकारिक जहाज को देखा गया। ताइपे टाइम्स अखबार की हालिया खबर के अनुसार, चीन अपने जहाजों के माध्यम से ताइवान इलाके में गुआम के आसपास समुद्री तल का मानचित्रण कर रहा है।

इंग्लैंड के ऐतिहासिक 'सिकामोर गैप' पेड़ काटने वालों को 4 साल से अधिक की जेल

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के प्रतिष्ठित 'सिकामोर गैप' पेड़ को जानबूझकर काटने के दोषी दो व्यक्तियों डेनियल ग्राहम (39) और एडम कैरदर्स (32) को चार साल तीन महीने की सजा सुनाई गई। इस घटना को ऐतिहासिक विरासत के खिलाफ गंभीर अपराध मानते हुए न्यूकैसल क्राउन कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।न्यायमूर्ति क्रिस्टीना लैम्बर्ट ने अपने फैसले में इस कृत्य को मूर्खतापूर्ण और अपरिवर्तनीय क्षति बताया, जिससे जनता की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दोनों आरोपितों ने पहले घटना से इनकार किया था, लेकिन साक्ष्यों के सामने आने पर उन्होंने इसे शराब के प्रभाव में की गई गलती बताते हुए स्वीकार कर लिया।नेशनल ट्रस्ट के प्रतिनिधि एंड्रयू पोएड ने कोर्ट में कहा, यह पेड़ सिर्फ एक दृश्य नहीं, बल्कि लोगों के भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक था। यह उनके जीवन की यादों, फोटो, और शांति का स्थान था।÷ पेड़ के साथ-साथ हेड्रियन वॉल, जो एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है, को भी नुकसान पहुंचाया

गया। 150 वर्षों से हेड्रियन की दीवार के पास दो पहाड़ियों के बीच स्थित यह पेड़ प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध था। यह पेड़ 1991 की हॉलीवुड फिल्म 'रॉबिन हुडः प्रिंस ऑफ थीव्स' में भी दिखाया गया था और 2016 में 'इंग्लिश ट्री ऑफ द ईयर' के खिताब से नवाजा गया था। उल्लेखनीय है कि यह घटना 28 सितंबर 2023 को नॉर्थम्बरलैंड नेशनल पार्क में हुई, जब दोनों आरोपितों ने एक चेनसॉ के जरिए पेड़ को काटा और उसका वीडियो मोबाइल पर रिकॉर्ड किया। पेड़ को काटने का वीडियो ग्राहम के मोबाइल में पाया गया, जबकि उनकी गाड़ी की लोकेशन भी घटनास्थल के आसपास रिकॉर्ड हुई।

अमेरिका में रह रहे लाखों अवैध प्रवासियों की मुसीबत बढ़ी,लिया जाएगा हिरासत में,जमानत पर सुनवाई भी नही होगी

एजेंसी

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रहे लाखों अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने का पक्का मन लिया है। आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने काफी कठोर नीति लागू की है। इस नीति के अनुसार, बिना दस्तावेज के रह रहे प्रवासियों को जमानत की सुनवाई के अयोग्य माना जाएगा। पूरे मामले की सुनवाई के दौरान उन्हें महीनों या सालों तक हिरासत में रखा जा सकता है। द वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, वकीलों का मानना है कि इस नीति का मकसद निर्वासन अभियान में तेजी लाना है। आईसीई को हिरासत में लिए गए प्रवासियों को सुविधाजनक तरीके से रखने के लिए अरबों डॉलर प्राप्त हुए हैं। वकीलों का कहना है कि इससे पहले ऐसे प्रवासियों को आम तौर पर आव्रजन न्यायाधीश के समक्ष जमानत की अर्जी देने का अधिकार था। इस नीति का खुलासा

आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टॉड एम. लियोन्स 08 जुलाई को कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि गृह सुरक्षा विभाग ने हिरासत और रिहाई के अधिकार पर कानूनी स्थिति पर पुनर्विचार किया है। तय किया गया है कि अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले प्रवासियों को उनके निष्कासन की कार्यवाही की अवधि तक हिरासत में रखा जाएगा।आव्रजन वकीलों का कहना है कि यह नीति उन लाखों लोगों पर भी लागू होगी जो दशकों से अमेरिका में रह रहे हैं और उनमें से कई के बच्चे अमेरिकी नागरिक हैं। आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टॉड एम. लियोन्स का मानना है कि आईसीई को इस कदम के लिए कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आईसीई के एक प्रवक्ता ने द इंपिंडेंट अखबार से कहा कि यह नीति कानून की गलत व्याख्या के आधार पर अमेरिका की सुरक्षा के लिए अहम खामी को दूर करती है। अगले चार वर्षों में प्रवासियों को हिरासत में रखने के लिए 45 अरब डॉलर मिलेंगे। संघीय अधिकारियों का मानना है कि इस रकम से आईसीई हिरासत केंद्रों में बिस्तरों की संख्या 80,000 से 100,000 तक बढ़ाएगी। अधिवक्ताओं का कहना है कि प्रवासियों को जमानत की सुनवाई से वंचित करने से उनके लिए अपना मामला लड़ना और भी मुश्किल हो जाएगा।

स्लोवाकिया ने उठाई रूस के खिलाफ 18वें प्रतिबंध पैकेज पर वोटिंग स्थगित करने की मांग

एजेंसी

ब्रातिस्लावा/ब्रुसेल्स। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फीको ने पुष्टि की कि उनकी सरकार रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से प्रस्तावित 18वें प्रतिबंध पैकेज पर वोटिंग स्थगित करने की मांग कर रही है, क्योंकि इसमें स्लोवाकिया की राष्ट्रीय परिस्थितियों से जुड़ी चिंताओं का समाधान पर्याप्त नहीं है। फीको ने सोशल मीडिया पर यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का एक पत्र सार्वजनिक करते हुए बताया कि आयोग ने स्लोवाकिया के लिए एक व्यापक कार्य योजना का प्रस्ताव दिया था, जिसमें देश की ऊर्जा जरूरतों और आर्थिक चुनौतियों को ध्यान में रखने की बात कही गई थी। लेकिन फीको ने इसे अपर्याप्त और अस्वीकार्य बताते हुए खारिज कर दिया। फीको ने रूस से गैस आयात को 2028 तक समाप्त करने के प्रस्ताव को मूर्खतापूर्ण बताते हुए कहा कि उनकी सरकार 2034 तक वर्तमान गैस आपूर्ति अनुबंध को जारी रखने के लिए अपवाद की मांग कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही यह प्रस्ताव प्रतिबंध पैकेज का हिस्सा नहीं है, लेकिन स्लोवाकिया अपने हितों की रक्षा के लिए दोनों मुद्दों को जोड़ रहा है। यूरोपीय संघ में किसी भी प्रतिबंध पैकेज को पारित करने के लिए सदस्य देशों की सर्वसम्मति आवश्यक होती है, ऐसे में स्लोवाकिया का विरोध निर्णायक बन गया है। फीको ने संकेत दिया है कि वे अतिरिक्त गारंटी के बदले प्रतिबंधों पर सहमति के लिए तैयार हैं, लेकिन वर्तमान प्रस्ताव उनकी राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है।

कैलाश मानसरोवर यात्राः वीजा प्रक्रिया में देरी के कारण 5000 से अधिक भारतीय तीर्थयात्री काठमांडू में फंसे

एजेंसी

काठमांडू। काठमांडू स्थित चीनी दूतावास की ओर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए वीजा प्रक्रिया में देरी करने के कारण करीब 5000 से अधिक भारतीय श्रद्धालु काठमांडू में फंसे हुए हैं। नेपाल में कैलाश मानसरोवर की यात्रा कराने वाले टूरिस्ट और ट्रैकिंग कंपनियों ने चीनी दूतावास से अनुरोध किया है कि वो वीजा प्रक्रिया में देरी किए बिना भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा को सहज बनाने में मदद करे। भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा कराने वाले टूर ऑपरेटरों के संगठन एसोसिएशन ऑफ कैलाश टूर ऑपरेटर्स नेपाल के महासचिव प्रदीप पंडित ने बताया कि चीनी दूतावास की तरफ से वीजा प्रक्रिया में विलंब किए जाने के कारण यात्रियों को

काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेपाल और चीन को जोड़ने वाला तातोपानी नाका और रसुवा नाका दोनों ही इस बार बाढ़, बारिश तथा भूस्खलन के कारण बंद हो गए हैं। इस कारण से भी सड़क मार्ग से कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले भारतीय श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। प्रमोद पंडित ने बताया कि इस समय पांच हजार से अधिक भारतीय तीर्थयात्री काठमांडू में ही फंसे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि नेपाल सरकार के माध्यम से तथा स्वयं टूर ऑपरेटर्स भी चीनी दूतावास के अधिकारियों से वीजा प्रक्रिया में देरी नहीं करने के लिए बार-बार आग्रह कर रहे हैं लेकिन चीनी दूतावास की तरफ से सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा है। नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से भी चीनी दूतावास से समन्वय का काम किए जाने की जानकारी दी गई है। विदेश सचिव अमृत राय ने बताया कि वो खुद चीनी राजदूत से मिल कर इस समस्या को यथाशीघ्र समाधान करने के लिए आग्रह कर चुके हैं।

इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान की सियासत में एंट्री, 'पाकिस्तान रिपब्लिक पार्टी' से करेंगी नई शुरुआत

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी और जानी-मानी पत्रकार रेहम खान ने राजनीति में उतरने की आधिकारिक घोषणा की है। उन्होंने 'पाकिस्तान रिपब्लिक पार्टी' नाम से एक नए राजनीतिक दल बनाने का ऐलान किया है। इस कदम ने पाकिस्तान की राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।रेहम खान ने स्पष्ट कहा कि वह अब किसी के कहने पर नहीं, बल्कि अपनी मर्जी और शर्तों पर राजनीति में कदम रख रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसी राजनीतिक परिवार, वंश या दबाव समूह का हिस्सा नहीं होगी, बल्कि यह पूरी तरह जनता के मुद्दों पर केंद्रित होगी। अपने संबोधन में रेहम खान ने पाकिस्तान में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी को उठाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, स्वच्छ जल और शिक्षा जैसी मूलभूत सेवाओं का हाल 2012 से अब तक बदतर हुआ

है और यह अब बर्दाश्त से बाहर है। उनकी पार्टी का उद्देश्य आम जनता की वास्तविक समस्याओं को सियासत का केंद्र बनाना होगा। रेहम खान ने कहा कि उनकी पार्टी वंशवाद की राजनीति के सख्त खिलाफ है। उनका दावा है कि उनकी पार्टी एक जनआधारित स्वतंत्र आंदोलन होगी, जो सच्चे बदलाव के लिए काम करेगी। रेहम खान की राजनीति में एंट्री की घोषणा से पाकिस्तान के राजनीतिक हलकों में कोहराम बच गया है। राजनीतिक विश्लेषक जहां इस फैसले को राजनीतिक बदलाव बता रहे हैं, वहीं विपक्षी इसे एक नवोदित चुनौती के रूप में देख रहे हैं।

अफगानिस्तान के लाघमन प्रांत में भारी बारिश के बाद जबर्दस्त बाढ़

एजेंसी

मेहर लाम। अफगानिस्तान के लाघमन प्रांत में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ के कारण 11 लोग घायल हो गये और अनेक घरों को नुकसान पहुंचा । सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। सरकारी समाचार ने बताया कि इस भीषण बाढ़ की चपेट में आकर 525 एकड़ खेत जलमग्न हो गये हैं और 160 मवेशी भी बह गये।

बाढ़ की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इससे ग्रामीण क्षेत्र की 25 किलोमीटर लंबी सड़कें बह गयी और प्रांत की 700 मीटर लंबी सुरक्षात्मक दीवार भी नष्ट हो गयी। पिछले सप्ताह नांगरहार प्रांत में आंधी तूफान और अचानक आई बाढ़ से दो लोगों की मौत हो गयी थी और स्थानीय आबादी को काफी नुकसान हुआ था। देश के मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है जिससे देश के पर्वतीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। देश के विभिन्न हिस्सों में आयी बाढ़ से लोगों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है और इससे जनजीवन भी अस्त व्यस्त हुआ है। इस मौसमी आपदा की वजह से लोगों को एक स्थान से दूसरी जगह आना जाना प्रभावित हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क रहने और मौसम संबंधी किसी भी तरह की आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने को कहा है क्योंकि अनेक हिस्सों में मानसूनी स्थितियां काफी प्रतिकूल बनी हुई हैं।

नेपाल का संविधान जारी होने के बाद विवाहित महिला को भी पैतृक संपत्ति में बराबर का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए विवाहित महिला को भी अपने पिता की संपत्ति में बराबर का अधिकार देने की बात कही है। हालांकि यह कानून नेपाल के नए संविधान के जारी होने के दिन से लागू करने का फैसला सुनाया गया है।

पिता की संपत्ति पर अधिकार मांगने के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नेपाल का संविधान जारी होने के दिन से ही वह कानून लागू किया जाए जिसमें पिता की संपत्ति पर विवाहित बेटियों को भी बराबर का अधिकार देने की बात उल्लेख है। इस समय नेपाल में बेटियों को अपने पिता की संपत्ति में बराबर का अधिकार देने का कानून है। सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए सिर्फ अविवाहित बेटियों को ही नहीं बल्कि विवाहित बेटियों को भी संपत्ति में बराबर का अधिकार देने का प्रावधान रखा। सरकार द्वारा इस संशोधन को किए जाने के बाद अदालत में संपत्ति को लेकर लंबित तमाम मुद्दों में जिला अदालत और उच्च अदालत ने बेटियों को संपत्ति में अधिकार देने का फैसला भी सुनाया। लेकिन इस कानून को कब से लागू माना जाए इसको लेकर विवाद होने के बाद अदालत ने पांच जजों की बेंच गठित कर इस पर अपना

फैसला सुनाया है। पांच जजों में से तीन जजों ने बहुमत से यह फैसला सुनाया है कि सरकार का यह कानून संविधान जारी होने के दिन से लागू किया जाए।

जबकि दो जजों का मत यह था कि पिता की संपत्ति पर सभी बेटियों का बराबर का अधिकार होना चाहिए इसमें संविधान में दिन तारीख या साल नहीं लिखा है तो इसमें विवाहित या अविवाहित नहीं देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश सपना प्रधान मल्ल, मनोज कुमार शर्मा, सारंगा सुवेदी, अब्दुल अजीज तथा महेश शर्मा पौडेल के फूल बेंच ने इस पर अपना फैसला सुनाते हुए बेटियों को पिता की संपत्ति में बराबर की हिस्सेदारी देने के संसद के कानून को सही बताया है। हालांकि इनमें से न्यायाधीश सपना प्रधान मल्ल तथा महेश शर्मा पौडेल ने इस फैसले में सभी विवाहित महिलाओं को भी यह अधिकार दिए जाने की बात कही है। लेकिन अन्य तीन जजों ने जब से यह संविधान जारी हुआ है उस समय से विवाहित महिलाओं को यह अधिकार मिलने की बात बहुमत से फैसला किया है।

शेफाली की टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी, इंग्लैंड के खिलाफ 158.56 के स्ट्राइक रेट से बनाए थे रन

दुबई । भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है। उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गई। भारत की ऐतिहासिक 3-2 से श्रृंखला जीत में अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की सुधार के साथ 39वें स्थान पर और हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गई। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गयी है। राधा यादव तीन पायदान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर है। इस रैंकिंग में श्रृंखला गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम के कई खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है।

अनिल कुंबले ने भारत की हार की तुलना चेन्नई में पाकिस्तान से हार से की

नई दिल्ली। लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के रोमांचक अंत में, इंग्लैंड ने भारत को केवल 22 रनों से हरा दिया। जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और जोनाथन ट्रॉट ने अंतिम सत्र, जडेजा के वीरतापूर्ण प्रयास और दोनों टीमों के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी। तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन की समाप्ति के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने भारत की हार और मैच के आखिरी पलों पर टिप्पणी की, 'मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन। जडेजा नाबाद रह गए- मतलब, उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। लेकिन इंग्लैंड अपने काम पर डटा रहा। मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर के पिछले ओवर ने मोहम्मद सिराज को जरूर परेशान किया होगा। ऐसा नहीं था कि वह गेंदबाज पर हमला करना चाहते थे, लेकिन एक बेतुके पॉइंट ने दबाव बढ़ा दिया। मुझे लगा कि यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने का एक शानदार मौका था। लेकिन भारत के लिए यही होना चाहिए-22 रनों से हारने के बावजूद, कई सकारात्मक पहलू भी हैं।

शुभमन गिल ने ऋषभ पंत की फिटनेस पर दिया अपडेट

लंदन । लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपनी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में लगी चोट के बावजूद ऋषभ पंत 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले फिट हो सकते हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि उनके स्कैन में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है। पंत इस सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने छह पारियों में 70.83 की औसत से 425 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान जब 34वां ओवर चल रहा था, तब जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड की एक गेंद को पकड़ने की कोशिश में पंत की उंगली में गेंद लग गई थी। वह काफी दर्द में थे और फिजियो को मैदान पर आना पड़ा, जिससे खेल थोड़ी देर रुका रहा। उन्होंने ओवर तो पूरा किया, लेकिन फिर विकेटकीपिंग जारी नहीं रख सके। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने मैच के बाक़ी हिस्से में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। पंत ने भारत की दोनों पारियों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 112 गेंदों पर 74 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में 12 गेंदों पर 9 रन। बल्लेबाजी के दौरान खासकर दूसरी पारी में कई बार वह असहज दिखे। शॉट खेलने के दौरान वह चोटिल हाथ को लगातार बल्ले से अलग कर ले रहे थे। यह तकलीफ सबसे ज्यादा तब दिखी जब भारत आखिरी दिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था।

'मेरी इच्छा है कि वह संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें', पूर्व क्रिकेट का विराट कोहली से आग्रह

नई दिल्ली । लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के एक दिन बाद 1983 विश्व कप विजेता और भारत के पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल ने विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से वापसी का आग्रह किया। व्यापक रूप से खेल के आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले कोहली ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की प्रभावशाली औसत से 30 शतकों और 31 अर्धशतकों के साथ 9230 रन बनाकर अपने 14 साल के करियर को अलविदा कह दिया। उन्होंने ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में संन्यास ले लिया। मदन लाल ने कहा, 'विराट कोहली का भारतीय क्रिकेट के प्रति जुनून बेजोड़ था। मेरी इच्छा है कि वह संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें। वापसी में कोई बुराई नहीं है। अगर इस सीरीज में नहीं, तो उन्हें अगली सीरीज में वापसी करनी चाहिए।

अक्षय दीप ने 1000 मीटर में गोल्ड जीतकर बढ़ाया उत्तर प्रदेश का मान

एजेंसी

वाराणसी। कोलकाता में आयोजित 9वीं रैंकिंग ओपन नेशनल स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और संस्थान का नाम रोशन किया। बरेका के कुल 7 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और कुल 1 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया। यह जानकारी बरेका के जनसम्पर्क अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सबसे गौरवपूर्ण प्रदर्शन अक्षय दीप उपाध्याय ने किया, जिन्होंने 1000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक और 500 मीटर में रजत पदक जीतकर बरेका का परचम लहराया। वहीं, इशिका उपाध्याय ने 1000 मीटर रेस में रजत पदक जीता और अर्चना उपाध्याय ने वन

लैप रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच फरजम हुसैन ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 2 रजत व 1 कांस्य पदक अर्जित किए, जिससे उन्होंने न केवल कोचिंग में बल्कि व्यक्तिगत खेल प्रदर्शन में भी उत्कृष्टता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के स्केटिंग चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम में प्रतिनिधित्व करने वाले बरेका से शामिल अन्य खिलाड़ियों में ध्रुवी त्रिपाठी, निहारा त्रिपाठी, विकास यादव, और शिवन्या यादव भी सम्मिलित थे, जिन्होंने टीम की सफलता में योगदान दिया। बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनकी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा, यह सफलता खिलाड़ियों की लगन, निरंतर अभ्यास और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम है। स्केटिंग ग्राउंड मैनेजर सीमा, कोच फरजम हुसैन तथा सभी अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए विशेष बधाई दी गई। संस्थान के सचिव आलोक कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता जताई और उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया 2028 तक का करार

एजेंसी

मोहाली। पंजाब एफसी ने आगामी सीज़न के लिए युवा और प्रतिभाशाली डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपनी टीम में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा की है। 25 वर्षीय सेंटर बैक इंटर काशी से पंजाब एफसी में आए हैं और उन्होंने क्लब के साथ 2028 तक का दीर्घकालिक अनुबंध साइन किया है। पंजाब एफसी के इस करार को युवा प्रतिभाओं में निवेश और भविष्य की टीम निर्माण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। क्लब को उम्मीद है कि बिजॉय आने वाले वर्षों में टीम की रक्षात्मक ताकत का प्रमुख स्तंभ बनेंगे।बिजॉय ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2021-22 सीज़न में केरल ब्लास्टर्स के साथ की थी और उस सीजन उपविजेता रही टीम का हिस्सा रहे। 2023-24 में वह इंटर काशी से लोन पर जुड़े और आई-लीग में 10 मैच खेले। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए क्लब ने उन्हें अगले सीज़न के लिए स्थायी रूप से साइन कर लिया, जहां 2024-25 में उन्होंने 12 मुकाबलों में भाग लिया। पंजाब एफसी से जुड़ने पर बिजॉय ने कहा, मैं पंजाब एफसी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं और इस नए अध्याय के लिए तैयार हूं। यहां डिफेंस में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा है, जो मेरे व्यक्तिगत विकास के लिए शानदार मौका है और मुझे हर दिन बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। मुझे भरोसा है कि अपने अनुभव और समर्पण के दम पर मैं टीम के लक्ष्यों में योगदान कर सकूंगा। केरल के तटीय गांव पुल्लुविला में जन्मे बिजॉय को फुटबॉल की प्रेरणा अपने तीन बड़े भाइयों से मिली, जो खुद भी फुटबॉलर थे। उन्होंने अपने फुटबॉल सफर की शुरुआत कोवलम एफसी से की और बाद में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) से प्रशिक्षण प्राप्त किया। बिजॉय ने विभिन्न आयु-वर्गों में केरल का प्रतिनिधित्व किया है।

आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के वार्म-अप मैचों का शेड्यूल घोषित

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के वार्म-अप मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली आठ टीमें 25 से 28 सितंबर के बीच बेंगलुरु और कोलंबो के चार मैदानों पर अभ्यास मैच खेलेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने पहले वार्म-अप मुकाबले में 25 सितंबर को 2017 की उपविजेता इंग्लैंड से भिड़ेगी।

टूर्नामेंट से पहले कुल नौ डे-नाइट मैच खेले जाएंगे, जिनके आयोजन स्थल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 1 ग्राउंड (बेंगलुरु) और आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (कोलंबो) होगें। महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होगी और मुख्य टूर्नामेंट के आयोजन स्थल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु, एसीए स्टेडियम,

यह टूर्नामेंट 2 नवंबर 2025 तक चलेगा। यह विश्व कप 12 साल बाद एक बार फिर उपमहाद्वीप (सबकॉटिनेंट) में लौट रहा है। गुवाहाटी, होलकर स्टेडियम, इंदौर, एसीए-वीडीसीए स्टेडियम, विशाखापत्तनम और आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो होंगे।

सह मालिक और ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय गोल्फ प्रीमियर लीग से जुड़े युवराज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिकेट के दिग्गज और गोल्फ प्रेमी युवराज सिंह अब भारतीय गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) से बतौर सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर जुड़ गए हैं। लीग के लॉन्च के कुछ ही दिनों के भीतर आईजीपीएल ने 30 से अधिक पेशेवर गोल्फरों को अपने टूर और लीग इवेंट्स के लिए अनुबंधित कर लिया है, जो इस नई पहल की व्यापकता और गंभीरता को दर्शाता है।गोल्फ को भारत में मुख्यधारा में लाने और इसकी बुनियाद को मज़बूत करने के उद्देश्य से, आईजीपीएल ने इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) के साथ एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी उभरती प्रतिभाओं को संवारने और भारत की ओलंपिक गोल्फ महत्वाकांक्षाओं के लिए एक मज़बूत मंच तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम है। युवराज सिंह ने अपने जुड़ाव को लेकर कहा, आईजीपीएल का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और उत्साह की बात है। गोल्फ एक अद्भुत खेल है, लेकिन भारत में अभी भी सीमित दर्शक वर्ग

तक सीमित है। तेज़-तर्रार और नए प्रारूप के साथ इसे व्यापक दर्शकों तक ले जाया जा सकता है। यह लीग भारतीय गोल्फरों को निखारने और उन्हें अधिक अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगी। मुझे पूरा विश्वास है कि आईजीपीएल न केवल गोल्फ को लोकप्रिय बनाएगा, बल्कि खिलाड़ियों को बेहतर मंच और प्रतिस्पर्धा का अनुभव भी देगा।आईजीपीएल के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी ने लीग की अंतरराष्ट्रीय योजनाओं का खुलासा करते हुए कहा, आईजीपीएल सिर्फ भारत की लीग नहीं है, बल्कि यह दुनिया के लिए भारत का उपहार है। पहले ही साल में हम अपने टूर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाएंगे, ताकि भारतीय खिलाड़ियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का मौका मिले और दुनिया के गोल्फर्स भारत की उभरती गोल्फ संस्कृति को करीब से देख सकें।

भारत-इंग्लैंड अंडर-19 टेस्ट ड्रॉ, हामज़ा शेख़ के शतक ने इंग्लिश टीम को हार से बचाया

एजेंसी

बेकेनहम। भारत और इंग्लैंड के बीच बेकेनहम में खेला गया अंडर-19 टेस्ट मुकाबला रोमांचक अंदाज़ में ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 63 ओवरों में 350 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 270 रन बनाकर मैच बचा लिया। अंतिम दिन की शुरुआत भारत ने 229 रनों की बढ़त और सात विकेट शेष रहते की थी। विहान मल्होत्रा (63) ने तेज़ शुरुआत करते हुए कुछ आकर्षक शॉट्स खेले, लेकिन वह एलेक्स ग्रीन की गेंद पर विकेटकीपर थॉमस रियू को कैच दे बैठे। बारिश के चलते खेल थोड़ी देर बाधित हुआ, लेकिन फिर खेल शुरू होते ही भारत को झटके लगे। ग्रीन और मिंटो ने क्रमशः अभिज्ञान कुंडू (11) और राहुल कुमार (11) को पवेलियन भेजा। आर्ची वॉन (6/84) ने मोहम्मद इनान (5), हेनिल पटेल (0) और दीपेश

देवेन्द्रन (4) को आउट कर भारत को संकट में डाला, लेकिन आर.एस. अम्बरीश ने 53 रनों की तेज़ पारी खेलते हुए भारत को 248 तक पहुंचाया। उन्हें मेयस ने रन आउट किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और तीन विकेट जल्दी गिर गए। लेकिन फिर हामज़ा शेख़ (112) और बेन मेयस (51) ने 119 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। मेयस के आउट होने के बाद थॉमस रियू (50) ने आक्रामक रुख अपनाया और इंग्लैंड को जीत की उम्मीद दी। हालांकि दो तेज़ रन आउट–शेख़ और एकांश सिंह–ने भारत को मैच में वापसी का मौका दिया। इसके बाद रियू भी आउट हो गए, लेकिन राल्फी एल्बर्ट और जैक होम ने अंतिम 11.5 ओवरों तक टिककर खेला और इंग्लैंड को हार से बचा लिया।

स्कोरकार्ड संक्षेप में:

भारत अंडर-19:

पहली पारी: 540 (मात्रे 102, कुंडू 90, कुमार 85, अम्बरीश 70, मल्होत्रा 67; ग्रीन 3/74)

दूसरी पारी: 248 (मल्होत्रा 63, सुर्यवंशी 56, अम्बरीश 53; वॉन 6/84)

इंग्लैंड अंडर-19:

पहली पारी: 439 (फ्लिंटॉफ 93, शेख़ 84, एकांश 59; हेनिल 3/81, सुर्यवंशी 2/35)

दूसरी पारी: 270/7 (शेख़ 112, मेयस 51, रियू 50) मैच ड्रॉ रहा।

ट्रानिस्टिक्स डेटा टेक्नोलॉजीज कैप्टन्स कप 2025 में हिस्सा लेंगे भारत के शीर्ष मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी

एजेंसी

कोलकाता। भारत के सबसे बड़े और सबसे रोमांचक मार्शल आर्ट्स टूर्नामेंट्स में से एक,चौथे कैप्टेन्स कप के लिए उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। यह टूर्नामेंट इस वर्ष 15 से 17 अगस्त के बीच कोलकाता के सिल्वर पॉइंट स्कूल में आयोजित होगा, जिसमें यूको बैंक गर्व से साझेदार है। नेशनल कॉम्बैट स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनसीएसएफ) द्वारा माइक्स मार्शल आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में देश के हर कोने से आए शीर्ष एथलीट्स अपने कौशल, रणनीति और जज्बे का जोरदार प्रदर्शन करेंगे। सैकड़ों उत्कृष्ट प्रतियोगियों के भारतभर से भाग लेने की उम्मीद के साथ 2025 संस्करण में क्योकुशिन कराटे, किकबॉक्सिंग, ब्राजीलियन जिउ-जित्सु और अन्य मुकाबलों में जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी। माइक्स मार्शल आर्ट्स के संस्थापक सेंसई मयूख बनर्जी ने एक बयान में कहा, कैप्टेन्स कप केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस और खेल कौशल का उत्सव है। हम भारतभर के बेहतरीन फाइटर्स का कोलकाता में स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं और 'सिटी ऑफ जॉय' के लोगों को योद्धाओं की इस भावना में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। मुंबई और कोलकाता में पहले भी सफल आयोजन कर चुका कैप्टेन्स कप, देशभर से सैकड़ों फाइटर्स को आकर्षित करता आया है। यह टूर्नामेंट खेल कौशल, निष्पक्षता और अनुशासन, रणनीति और सहनशक्ति जैसे मार्शल आर्ट्स मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है।

वेस्टइंडीज की शर्मनाक हार के बाद सीडब्ल्यूआई ने बुलाई आपात बैठक, दिग्गजों को किया आमंत्रित

एजेंसी

किंग्स्टन (जमैका)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली शर्मनाक हार, खासकर अंतिम टेस्ट में महज 27 रन पर ढेर होने के बाद क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कड़ा कदम उठाया है। बोर्ड ने अपनी क्रिकेट स्ट्रैटेजी कमेटी की एक आपात बैठक बुलाई है, जिसमें सर क्लाइव लॉयड, सर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को विशेष आमंत्रण भेजा गया है। सीडब्ल्यूआई अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने एक बयान में कहा, तुरंत प्रभाव से, मैंने क्रिकेट रणनीति और ऑफिशिएटिंग कमेटी के अध्यक्ष को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल की टेस्ट सीरीज, विशेष रूप से अंतिम मैच की समीक्षा हेतु आपात बैठक बुलाने की सलाह दी है। इस बैठक में पहले से ही शामिल पूर्व दिग्गज जैसे डॉ. शिवनारायण चंद्रपॉल, डॉ.

डेसमंड हेन्स और इयान ब्रैडशॉ के साथ अब इन महान बल्लेबाजों की भी राय ली जाएगी। पूर्व स्पिनर दिनानाथ रामनाराइन ने बोर्ड की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर एक तीखा लेख साझा किया है। उन्होंने लिखा, बोर्ड के सदस्य खुद को मनमाफिक वेतन देते हैं, खिलाड़ियों का चयन व्यक्तिगत निष्ठा के आधार पर होता है, और राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को कोई महत्व नहीं दिया जाता। उन्होंने आगे कहा, जहां प्रशंसक खामोशी के साथ इस खेल से दूर होते जा रहे हैं, वहीं अधिकारी कुर्सियों से चिपके हुए हैं। हार के बाद भी कोई आत्मचिंतन नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। रामनाराइन ने यह भी याद दिलाया कि यह वही प्रणाली है जिसकी वजह से वेस्टइंडीज को यूएसए जैसी टीम से 100 रन से हार का सामना करना पड़ा और अब 27 रन पर ऑल आउट होने जैसी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है। सीडब्ल्यूआई अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह बैठक केवल प्रतीकात्मक नहीं है, ये वही लोग हैं जिन्होंने हमारे क्रिकेट के स्वर्णिम युग को परिभाषित किया है।

भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम इंग्लैंड से करीबी मुकाबले में 2-3 से हारी, मनींदर और उत्तम ने दागे गोल

एजेंसी

एम्स्टलवेन (नीदरलैंड्स)। यूरोपीय दौरे पर गई भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को एक कड़े मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। वागेनर स्टेडियन में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत के लिए मनींदर सिंह और उत्तम सिंह ने गोल किए, लेकिन दुनिया की पांचवें नंबर की टीम इंग्लैंड ने अंततः जीत हासिल कर ली। भारत 'ए' टीम को इस दौरे पर लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी है, जबकि इससे पहले टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की थी। मैच के बाद भारत 'ए' टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, 'इस दौरे की शुरुआत हमने तीन बेहतरीन जीतों के साथ की थी, लेकिन अब हमें दो करीबी मुकाबलों में हार मिली है। हमें पहले से पता था कि जैसे-जैसे दौरा

आगे बढ़ेगा, चुनौतियां और प्रतिस्पर्धा कड़ी होती जाएगी। हम हर मैच से कुछ न कुछ सीख रहे हैं और आगे के मुकाबलों की तैयारी कर रहे हैं। भारत 'ए' टीम अब अगले मैच के लिए एंटवर्प (बेल्जियम) रवाना होगी, जहां वह 17 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे बेल्जियम से भिड़ेगी। इसके बाद टीम 18 जुलाई और 20 जुलाई को नीदरलैंड्स के खिलाफ अपने अंतिम दो मुकाबले खेलेगी और फिर भारत वापसी करेगी।

यश दयाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मिली राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक

एजेंसी

प्रयागराज। यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे क्रिकेटर यश दयाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत मिली है। अदालत ने इस मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी की है कि पांच साल से महिला और यश दयाल रिलेशनशिप में थे, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि शादी का झांसा देकर संबंध बनाए गए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से यश दयाल की अर्जी का विरोध किया गया। कोर्ट ने पीड़िता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है और राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने को कहा है। यश दयाल के अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी ने अदालत में अपने मुवक्किल का पक्ष रखा। उनके मुताबिक चार से छह हफ्ते बाद इस मामले पर अगली सुनवाई होगी। इस पूरे मामले की सुनवाई न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा और न्यायाधीश अनिल कुमार दशम की डिवीजन बेंच में हुई। गौरतलब है कि क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ छह जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में एक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। यह एफआईआर बीएनएस की धारा 69 के तहत दर्ज की गई। यश दयाल ने अपने खिलाफ हुई एफआईआर को रद्द करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली। याचिका में राज्य सरकार, इंदिरापुरम थाने के एसएचओ और पीड़िता को पक्षकार बनाया गया है।

पतंजलि ऋषिकुल ने सीबीएसई क्लस्टर-5 वॉलीबॉल टूर्नामेंट में रचा इतिहास

एजेंसी

प्रयागराज। पतंजलि ऋषिकुल विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सनबीम स्कूल बाबतपुर वाराणसी में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-5 वॉलीबॉल टूर्नामेंट में अंडर 19 तथा अंडर 14 बालिका वर्ग में शानदार जीत दर्ज की। विद्यालय की दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग में चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। अब दोनों टीमें राष्ट्रीय स्तर के सीबीएसई खेलों में स्कूल और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता 7 से 9 सितम्बर तक जागरण पब्लिक स्कूल, वाराणसी में आयोजित होगी।

इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सीबीएसई के कुल 20 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। अंडर 19 बालिका वर्ग में 16 टीमें तथा अंडर 14 बालिका वर्ग में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। एक तरफ जहां पतंजलि ऋषिकुल की अंडर-14 बालिका वर्ग की

टीम ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में डॉ. सविता मेमोरियल, चंदौली को हराया और फाइनल में बीएनएस, वाराणसी पर अपना दबदबा बनाते हुए क्लस्टर चैम्पियन का खिताब जीता। वहीं दूसरी ओर ऋषिकुल की अंडर-19 गर्ल्स वॉलीबॉल टीम ने सेमीफाइनल में बीएनएस, वाराणसी को और फिर फाइनल में सनबीम, मुगलसराय को हराकर क्लस्टर चैम्पियन का खिताब भी जीता। फाइनल मुकाबलों में टीमों ने जबरदस्त खेल प्रदर्शन दिखाते हुए निर्णायक स्कोर सेटों में प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर अंडर 19 बालिका वर्ग चैम्पियनशिप तथा अंडर 14 बालिका वर्ग चैम्पियनशिप अपने नाम कर प्रयागराज जिले का गौरव बढ़ाया और ऋषिकुल की खेल विरासत में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। विद्यालय के प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने 10 से 13 जुलाई तक प्रतियोगिता उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारे विद्यालय की बालिका वॉलीबॉल टीमों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप अपने नाम की। यह उपलब्धि हमारी छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का प्रतिफल है। विद्यालय के प्रबंध समिति ने भी टीम के सभी सदस्यों, उनके प्रशिक्षकों तथा सहयोगी शिक्षकों को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

Bigg Boss 19 में मचेगा धमाल

धनश्री वर्मा

से धीरज धूपर-श्रद्धा आर्या तक, सलमान खान के शो में दिख सकते हैं ये बड़े नाम

टेलीविजन के सबसे बड़े रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' को लेकर अभी से हलचल तेज हो गई है. होस्ट सलमान खान के इस धमाकेदार शो में कौन-कौन से सितारे चार चांद लगाएंगे, इसे लेकर सोशल मीडिया पर खूब अटकलें लगाई जा रही हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार मेकर्स ने बिग बॉस के लिए कुछ बड़े और दिलचस्प चेहरों को अप्रोच किया है, जिनमें धनश्री वर्मा से लेकर श्रद्धा आर्या तक, कई नाम सबसे ऊपर हैं.

इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक के बाद सुर्खियों में आईं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर धनश्री वर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं. मार्च 20 को उनके तलाक की आधिकारिक पुष्टि हुई थी और अब अंदाजा लगाया जा रहा है कि वो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बन सकती हैं. धनश्री का नाम लगभग कन्फर्म माना जा रहा है. दरअसल बिग बॉस से पहले धनश्री 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए भी लॉक हुई थीं, लेकिन वो शो तब नहीं हो पाया था. अब बिग बॉस की टीम के साथ धनश्री की आखिरी नेगोशिएशन चल रही है.

'कुंडली भाग्य' की पॉपुलर जोड़ी पर मेकर्स की नजर

सिर्फ धनश्री ही नहीं, बल्कि टीवी इंडस्ट्री के भी कई जाने-माने चेहरों को 'बिग बॉस 19' के लिए अप्रोच किए जाने की खबरें हैं. टीवी के पॉपुलर एक्टर धीरज धूपर और उनकी 'कुंडली भाग्य' की को-स्टार श्रद्धा आर्या को शो के लिए संपर्क किया गया है. धीरज धूपर इससे पहले भी कलर्स के टीवी सीरियल में काम कर चुके हैं. टीवी पर टीआरपी के कई रिकार्ड्स तोड़ने वाले धीरज और

श्रद्धा दोनों फिलहाल ऑफर पर विचार कर रहे हैं, लेकिन मेकर्स इस ऑनस्क्रीन जोड़ी को शो में लाने के लिए उत्सुक हैं. दोनों को सलमान खान के इस शो में शामिल होने के लिए मोटी रकम ऑफर की गई है.

इन सेलेब्स के नाम भी चर्चा में!

धीरज धूपर, श्रद्धा आर्या और धनश्री वर्मा के साथ-साथ कुछ और चर्चित सितारे भी 'बिग बॉस 19' में नजर आ सकते हैं.

सिंगर श्रीराम चंद्र

इंडियन आइडल विनर और बिग बॉस तेलुगु विनर श्रीराम चंद्र भी इस साल बिग बॉस के घर के अंदर अपने सुरों का तड़का लगा सकते हैं.

करण सिंह ग्रोवर

टीवी और बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर करण सिंह ग्रोवर को भी रियलिटी शो के लिए अप्रोच किए जाने की खबरें हैं.

सारा-जान्हवी सबकी छुट्टी कर देंगी नवाजुद्दीन की बेटी? ऑडिशन Video देख हर कोई हैरान

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की गिनती हिंदी सिनेमा के बेहतरीन एक्टर्स में होती है. नवाजुद्दीन ने बॉलीवुड में कभी छोटे मोटे रोल करके जगह बनाई थी. जबकि अब वो फिल्मों और वेब सीरीज में लीड रोल निभाते हैं. उनकी राह पर चलते हुए उनकी बेटी शोरा सिद्दीकी भी एक्टिंग में ही अपना करियर बनाना चाहती हैं. फिलहाल वो लंदन में एक्टिंग की पढ़ाई कर रही हैं. इसी बीच शोरा का एक ऑडिशन वीडियो सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर हर किसी का दिल जीत लिया.शोरा सिद्दीकी का ये वीडियो खुद नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया है. ये उनके एक्टिंग ऑडिशन का वीडियो है. सोशल मीडिया पर यूजर्स इसे काफी पसंद कर रहे हैं. कोई कह रहा है कि उन्होंने ऐसा टैलेंट पहले कभी नहीं देखा. तो कोई शोरा के महान एक्ट्रेस बनने की भविष्यवाणी कर रहा है. वहीं ये वीडियो देखने के बाद आप भी ये कहेंगे कि अगर शोरा बॉलीवुड में आती हैं तो वो सारा अली खान, जान्हवी कपूर जैसी एक्ट्रेसेस पर भी भारी पड़ सकती हैं.

नवाजुद्दीन ने शेयर किया बेटी का वीडियो

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने सोमवार, 14 जुलाई को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से ये वीडियो शेयर किया. इसे शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा है, क्या मैं अंदर आ सकता हूंज्सीन वन. इस वीडियो में शोरा एक अन्य युवती के साथ नजर आ रही हैं और वो अंग्रेजी में ऑडिशन देते हुए डायलॉग बोल रही हैं. जिसे सोशल मीडिया यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स में उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं.

यूजर्स क्या बोले ?

एक यूजर ने लिखा, दिल खुश हो गया. एक ने लिखा, वो बॉलीवुड पर छा जाएंगी. एक ने लिखा, शोरा. आपकी अदाकारी देखकर अच्छा लगा, बेटियां, बाप की आंखों में छुपे ख्वाब को पहचानती हैं. एक ने लिखा, वो बहुत कॉन्फिडेंट और कम्फर्टेबल हैं.एक ने कमेंट किया, रॉ, रियल और पहले से ही प्रभावशाली. एक अन्य यूजर ने शोरा की तारीफ में लिखा, मुझे उम्मीद है कि आप एक दिन महान एक्ट्रेस बनेंगी. आपको शुभकामनाएं.

किसके साथ कॉफी डेट पर गईं 'तारक मेहता' की 'बबीता जी'? एक-दूजे पर जमकर लुटाया प्यार

पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भूतनी के नए ट्रैक के चलते खूब सुर्खियों में रहा है. पर अब 'भूतनी' बनी चकोरी की पूरी सच्चाई पता लग गई है. साथ ही शो में भी टीआरपी चार्ट में नंबर-1 पर बना हुआ है. पर शो में जेठालाल की वापसी तो हो गई है, पर अब भी 'बबीता जी' गायब हैं. जिसने उनके फैन्स को परेशान कर दिया है. कुछ दिनों पहले ही एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता ने वेकेशन की तस्वीरें शेयर की हैं. अब शो में कब आएंगी, यह तो नहीं पता पर उनकी कॉफी डेट की तस्वीरें वायरल हो रही हैं. किसके साथ वो पहुंची हैं ? जानिए

37 साल की बबीता जी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कॉफी, बिस्किट और एक खास शख्स की तस्वीर की. जिसके साथ वो कॉफी डेट पर पहुंची हैं. खास बात यह है कि वो स्पेशल शख्स भी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ही हैं. दोनों कॉफी डेट के बाद एक दूसरे पर प्यार लुटाती नजर आईं. साथ ही कई सारी तस्वीरें भी शेयर की हैं.

'बबीता जी' की कॉफी डेट कौन ?

बबीता जी उर्फ मुनमुन दत्ता अपनी तस्वीरों के चलते खूब चर्चा में रहती हैं. पहले दिन से 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ीं एक्ट्रेस को बबीता जी बनकर घर-घर पहचान मिली है. दरअसल उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है. एक्ट्रेस बीते दिनों अपनी को-स्टार अंजलि भाभी उर्फ सुनैना फौजदार के साथ वक्त बिताती नजर आईं. दोनों साथ में शो में काम करती हैं. साथ ही अच्छी बॉन्डिंग भी शेयर करती हैं. मुनमुन दत्ता ने उनके साथ तस्वीर शेयर की. जहां उन्होंने साथ-साथ खूब मस्ती भी की.

मुनमुन दत्ता ने सुनैना की इंस्टाग्राम स्टोरी को री-शेयर किया है. साथ ही लिखा- हैलो मेरी प्रीटि कॉफी डेट. दरअसल मुनमुन दत्ता खुद को सिंगल बताती हैं. हालांकि, उनका शो में ही एक एक्टर के साथ नाम जुड़ चुका है. सगाई तक की खबर आ गई थी, पर उन्होंने सबको बाद में गलत बताया. एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 8.6 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. हालांकि, उन्होंने डेट पर सिंपल व्हाइट लाइनिंग टॉप के साथ मिनिमल मेकअप रखा था.

किसके फॉलोअर्स ज्यादा हैं ?

दरअसल इस मामले में बबीता जी आगे हैं. उनके इंस्टाग्राम पर 8.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं. जबकि ग्लैमर का तड़का लगाने वाली अंजलि भाभी भी किसी से कम नहीं है. उन्हें सिर्फ 1.2 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. खास बात यह है कि फिटनेस के मामले में दोनों एक दूसरे को कांटे की टक्कर देती हैं. लेकिन लोगों को इनकी बॉन्डिंग पसंद आई.

दीपिका कक्कड़

ने करवाया मैमोग्राफी टेस्ट, लेफ्ट ब्रेस्ट में थे लिम्फ नोड्स, पिलाना बंद किया बेटे रुहान को दूध

'ससुराल सिमर का' से रातों रात स्टार बनीं एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने स्टेज 2 के लिवर कैंसर से जूझ रही हैं. हाल में उन्होंने सर्जरी करवाई और ट्रीटमेंट की का प्रोसेज जारी है. इस बीच दीपिका ने एक मैमोग्राफी टेस्ट भी करवाया है. अभिनेत्री ने अपने पति शोएब इब्राहिम के व्लॉग में इन टेस्ट्स के पीछे का कारण बताया है. दरअसल, 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने के बाद दीपिका को कई तरह हेल्थ इशुज हुए. उनकी हेल्थ में कई उतार-चढ़ाव आए. उन्हें अपने बाएं कंधे में तेज दर्द की वजह से कुकिंग रियलिटी शो छोड़ना पड़ा.

दीपिका कक्कड़ को पहले ही मैमोग्राफी टेस्ट कराने की सलाह दी गई थी. लेकिन अचानक स्टेज 2 लिवर कैंसर का पता चलने के बाद कई और टेस्ट करवाए और कंधे के टेस्ट को टालना पड़ा. अब एक नए व्लॉग में, दीपिका ने टेस्ट्स के पीछे की वजह और उनके रिजल्ट भी बताए. उन्होंने कहा, फ्रपिछले कुछ समय से मेरी सेहत बहुत ऊपर-नीचे रही है, जनवरी से जब मेरे बाएं कंधे में दर्द शुरू हुआ था, तो उस समय भी कुछ समझ नहीं पाए थे.

दीपिका कक्कड़ ने आगे कहा, पर पहला जो डायग्नोसिस था वो ये लिम्फ नोड्स लेफ्ट ब्रेस्ट एरिया में थे. तो इसलिए तब ऐसा लगा कि शायद यही कारण हो सकता है. फिर उसके बाद दूसरा डायग्नोसिस जो था वो ये था कि लेफ्ट मसल में इंजरी हुई है. फिर उसके बाद अभी जो डॉक्टर ने बताया कि इसी वजह से हो सकता है.

दीपिका कक्कड़ की हेल्थ इशुज की वजह से हुई टेस्ट में देरी

दीपिका कक्कड़ ने आगे कहा, सर्जरी को अभी लगभग 1.5 महीने हो गए हैं और वैसा दर्द फिर से नहीं हुआ है. तो इसलिए हमने उस समय जो मैमोग्राफी की थी तो डॉक्टर ने कहा था कि कुछ खराब नहीं लग रहा है पर एक सेफ साइड में हम इसे 3 महीने में रिपीट करेंगे लेकिन 3 महीने की जगह ज्यादा वक्त हो गया. मेरी हेल्थ इशुज की वजह से.

दीपिका कक्कड़ ने रुहान का दूध छुड़ाया

दीपिका कक्कड़ ने वीडियो में आगे बताया कि उन्होंने अचानक रुहान को दूध छुड़ाया. हालांकि उन्होंने दूध बनने को रोकने के लिए गोलियां ली थीं, फिर भी उन्हें कुछ असुविधा और हल्का दर्द महसूस हुआ. उन्होंने सोचा कि कोई जोखिम नहीं लेना चाहिए और बिना देरी के इसे चेक करवाने का फैसला किया.

क्या होता है मैमोग्राफी टेस्ट

शोएब इब्राहिम ने बताया कि मैमोग्राफी हो चुकी है और रिजल्ट ठीक हैं. उन्होंने यह भी बताया कि लिम्फ नोड्स अपने आप गायब हो गए हैं. दीपिका ने आगे बताया कि जब उन्होंने जनवरी 2025 में मैमोग्राफी की थी, तो लिम्फ नोड्स का साइज बढ़ गया था. उन्होंने कहा कि अब लिम्फ नोड्स नॉर्मल हैं. बता दें, मैमोग्राफी एक ब्रेस्ट कैंसर की का पता लगाने के लिए एक खास तरह का एक्स-रे होता है.